वर्ष : 18 अंक: 42 ग्वालियर

सोमवार 17 मार्च 2025

पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



दैनिक

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति-पीएम मोदी ने प्रख्यात ओड़िया कवि रमाकांत रथ के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात ओडिया कवि पद्म भूषण रमाकांत रथ के निधन पर दुख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि रमाकांत रथ भारतीय साहित्य जगत की एक प्रमुख विभूति थे। उन्हें पद्म भूषण सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रख्यात कवि रमाकांत रथ जी के निधन के बारे में जानकर मुझे बहुत दुख हुआ है। रमाकांत रथ भारतीय साहित्य जगत की एक प्रमुख विभूति थे। उन्हें पद्म भूषण सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ओडिया साहित्य में अपने चिरस्मरणीय योगदान द्वारा उन्होंने अखिल भारतीय साहित्य को समृद्ध किया है। मैं उनके शोक संतप्त परिवारजनों और प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

### महाराष्ट्र विधान परिषद उपचुनाव : भाजपा ने किया उम्मीदवारों के नामों का ऐलान

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधान परिषद के आगामी उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सूची में संदीप दीवाकरराव जोशी, संजय किशनराव केनेकर और दादाराव यादवराव केचे का नाम शामिल है। राष्ट्रीय महासचिव अरुण ने इसकी जानकारी देते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इसमें कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र में होने वाले विधान परिषद के उपचुनाव के लिए निम्नलिखित नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। इससे पहले चुनाव आयोग ने विधान परिषद की पांच खाली सीटों पर 27 मार्च को उपचुनाव कराने की घोषणा की थी। चुनाव आयोग ने बताया कि विधान परिषद की पांच सीटों पर 27 मार्च को उपचुनाव होगा और शाम पांच बजे से मतगणना शुरू होगी। चुनाव आयोग के अनुसार, 27 मार्च को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा।

### काउंटर-टेररिज्म पर अंतरराष्ट्रीय मंथन, पहली बार सह-अध्यक्षता करेगा भारत

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आतंकवाद के खिलाफ भारत में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बैठक होने जा रही है। इस दौरान विभिन्न देश काउंटर टेररिज्म पर मंथन करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह 'आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस' के एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप (ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक है। काउंटर टेररिज्म पर होने वाली यह बैठक 19 से 20 मार्च, 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित होगी। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह पहली बार है जब भारत एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप में काउंटर-आतंकवाद की सह-अध्यक्षता करेगा। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत और मलेशिया करेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए आसियान के 10 सदस्य देशों के डेलिगेशन भारत आ रहे हैं। इनमें ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, वियतनाम, सिंगापुर और थाईलैंड शामिल हैं। वहीं, आठ संवाद भागीदार यानी ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधियों के साथ ही टिमोर-लेस्ते और आसियान सचिवालय के सदस्य भी इसमें भाग लेंगे।

## मोदी बोले- पाकिस्तान ने हमेशा धोखा दिया:

# अमेरिकन एआइ रिसर्चर के पॉडकास्ट में कहा- नवाज को न्योता दिया, बदले में दुश्मनी मिली; ट्रम्प साहसी लीडर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमेरिकन एआई रिसर्चर लेक्स फ्रिडमैन के साथ 3 घंटे का पॉडकास्ट (इंटरव्यू) रिलीज किया। पीएम ने पाकिस्तान, चीन, ट्रम्प, विश्व राजनीति, खेल, राजनीति और RSS समेत निजी जीवन से जुड़े सवालों के जवाब दिए। पीएम ने पाकिस्तान को लेकर कहा कि वहां से हमेशा धोखा ही मिला। उन्होंने कहा कि शपथ समारोह में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को बुलाया था, लेकिन शांति की हर



कोशिश के बदले दुश्मनी ही मिली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं। हम आशा करते हैं कि पाकिस्तान को एक दिन सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का रास्ता अपनाएगा।

लेक्स फ्रिडमैन का जन्म रूस के चकालोव्स्क में 15 अगस्त 1983 को हुआ था। सोवियत संघ के बिखरने के बाद उनका परिवार अमेरिका के शिकागो आ गया था।

उन्होंने अमेरिका में ही इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में पीएचडी की है। वे AI रिसर्चर हैं। फ्रिडमैन अपने पॉडकास्ट में अमेरिकन प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प, टेस्ला CEO इलॉन मस्क, मेटा CEO मार्क जुकरबर्ग, अमेजन CEO जेफ बेजोस, ओपन AI CEO सेम ऑल्टमैन, यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमीर जेलेंस्की और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इंटरव्यू कर चुके हैं।

# शाह ने पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों संग की बैठक, नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की समीक्षा



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर गुवाहाटी में पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं, जबकि मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर को छोड़कर पांच राज्यों के डीजीपी मौजूद हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी के एक होटल में पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डीजीपी के साथ बैठक की। इसमें तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। राष्ट्रपति शासन वाले मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला बैठक में शामिल हुए। असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर गुवाहाटी में पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं, जबकि मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर को छोड़कर पांच राज्यों के डीजीपी मौजूद हैं। इसमें कई पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्य सचिव भी मौजूद हैं। आठ राज्यों में से प्रत्येक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के कार्यान्वयन पर केंद्रीय गृह मंत्री को अद्यतन करने के लिए प्रस्तुति दे रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों में पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना है। इस दौरान शाह ने असम सीआईडी की ओर से तैयार और असम सरकार से प्रकाशित पुस्तक 'न्यू क्रिमिनल लॉज – स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स एंड रूल्स' का विमोचन किया।

## भारतीय सेना प्रमुख का बयान

# भारत की विदेश नीति अब ज्यादा मजबूत और सक्रिय हो गई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय सेना प्रमुख ने साफ तौर पर कहा कि भारत को अपनी विदेश नीति को और सशक्त बनाने की जरूरत है, ताकि वह वैश्विक स्तर पर अपनी उचित स्थिति हासिल कर सके। इसके साथ ही, रक्षा बजट और सामाजिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है, क्योंकि भारत को अपनी सुरक्षा भी मजबूत करनी है और विकास को भी प्राथमिकता देनी है। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति अब ज्यादा सक्रिय और सशक्त हो गई है। उन्होंने इस



बात पर जोर दिया कि 2015 में विदेश सचिव एस. जयशंकर के एक ऐतिहासिक बयान के बाद भारत ने खुद को संतुलनकारी शक्ति के बजाय प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा। भारत की विदेश नीति में बदलाव जनरल द्विवेदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा, 2015 में विदेश सचिव एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत संतुलन बनाए रखने वाला देश नहीं बल्कि एक अग्रणी शक्ति बनना चाहता है। यह भारत की विदेश नीति के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था।

## चुनाव आयोग का फैसला

# किसी भी मतदान केंद्र पर नहीं होंगे 1200 से अधिक मतदाता

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कार्यभार संभालने के करीब एक महीने के अंदर दशकों से लंबित विरासत संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए सक्रिय और निर्णायक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए 31 मार्च से पहले ईआरओ, डीईओ और सीईओ के स्तर पर सर्वदलीय बैठकें करने का फैसला किया। चुनाव आयोग ने मतदान आंकड़ों में अंतर को लेकर राजनीतिक दलों की आशंकाओं का समाधान खोज लिया है। अब किसी भी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। आयोग के सूत्रों ने बताया है कि एक दशक से अधिक समय से यह मुद्दा लंबित रहा है। इसलिए आयोग ने तय किया है कि भविष्य में किसी भी चुनाव में किसी भी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं



होंगे। इससे मतदान समय से पहले पूरा हो सकेगा और लंबी कतारें नहीं लगेंगी। अभी तक एक मतदान केंद्र पर 1500 तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। हाल ही में महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग पर मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में बड़े बदलाव का आरोप लगाया था। मुख्य चुनाव आयुक्त ने लंबित मुद्दों के सक्रिय और निर्णायक कदम उठाने शुरू किए नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कार्यभार संभालने के करीब एक महीने के अंदर दशकों से लंबित विरासत संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए सक्रिय और निर्णायक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए 31 मार्च से पहले ईआरओ, डीईओ और सीईओ के स्तर पर सर्वदलीय बैठकें करने का फैसला किया। आयोग ने पहली बार, इस साल 30 अप्रैल तक कानूनी ढांचे के अंदर सभी राष्ट्रीय और राज्य दलों से सुझाव मांगे हैं। अगले 3 महीनों में लगभग 25 वर्षों से लंबित डुप्लीकेट ईपीआईसी मुद्दे का समाधान देने पर भी आयोग ने सहमति दी है।

# छोटे व्यापारियों को मिलेंगे समान अवसर, डिजिटल कंपटीशन एक्ट लाने जा रही सरकार : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय कारपोरेट कार्य मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को कहा कि सरकार छोटे व्यापारियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए डिजिटल कंपटीशन एक्ट का ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के कारोबार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान है और देश के ट्रेड और मैन्युफैक्चरिंग में एमएसएमई की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत, निर्यात में 45 प्रतिशत और जीडीपी में 30 प्रतिशत है। इस वजह से सरकार का फोकस एमएसएमई सेक्टर पर बना हुआ है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि आज का समय



काफी बदल गया है। कंपटीशन केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं रह गया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहुंच गया है। इस वजह से कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की भूमिका काफी अहम हो गई है और हमारी जिम्मेदारी है कि अपने कानूनों को फेयर प्रैक्टिस के मुताबिक ही बनाए और लागू करें। उन्होंने आगे कहा कि सीसीआई की जिम्मेदारी बाजार में गैर-प्रतिस्पर्धी प्रथाओं को रोकने के साथ छोटे और नए उद्योगों के लिए ऐसा माहौल तैयार करना है, जिससे सभी को समान अवसर मिले।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे रेगुलेशन पहले के मुकाबले काफी प्रभावी हुए हैं और बाजार में किसी एक कंपनी के प्रभाव को रोकते हैं। मल्होत्रा ने कहा कि 2023 में सरकार ने कंपटीशन एक्ट में बदलाव किए हैं, जो कि पूरी तरह से किसी एक कंपनी के बाजार पर प्रभाव को रोकने में सक्षम हैं, लेकिन डिजिटल कंपटीशन बिल समय की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल कंपटीशन बिल का ड्राफ्ट मंत्रालय की वेबसाइट पर है। इस पर 100 से ज्यादा सुझाव आ चुके हैं। डिजिटल कंपटीशन को लेकर यूरोपीय देशों, जापान और ऑस्ट्रेलिया में कानून है। हमें अब इसे भारत के बाजारों के अनुरूप लागू करना होगा।

# भाजपा जिलाध्यक्षों का एलान: 45 नए... तो 25 पुराने चेहरों को मिला मौका

**लखनऊ,एजेंसी ।** प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने बताया कि प्रदेश के 70 जिलों में जिला चुनाव अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और सरकार के मंत्रियों ने संबंधित जिलों में जिलाध्यक्ष की घोषणा की। जिलाध्यक्षों के चयन में सबका साथ-सबका विकास की परिभाषा को साकार करते हुए सामाजिक समीकरणों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश में करीब दो महीने की माथापच्ची के बाद प्रदेश भाजपा ने पहले चरण में 98 में से 70 जिला इकाईयों के

### विवाद के चलते रोकी गई 28 जिलों की सूची

जिला और महानगर अध्यक्षों के नाम रविवार को घोषित कर दिए हैं। इनमें 45 जिलों में नए चेहरे को मौका दिया गया है, जबकि 25 जिलों में मौजूदा जिलाध्यक्षों को ही दोबारा मौका दिया गया है। पहली सूची में 27 ओबीसी वर्ग से, अनुसूचित जाति (एसी) वर्ग से छह और सामान्य वर्ग से 37 लोगों को जिलाध्यक्ष बनाया है। पहले चरण की सूची में पार्टी ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के लोगों को खास तरजीह देकर जातीय व सामाजिक समीकरण के बीच सामंजस्य बिठाने की कोशिश की है। पहली सूची में ओबीसी समाज के 25 लोगों को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जो 35.71 प्रतिशत भागीदारी है। इसी तरह सामान्य वर्ग के सभी जातियों को मिलाकर 55.71 हिस्सेदारी (39 जिलाध्यक्ष) दी गई है। वहीं, अनुसूचित जाति को भी जिला ईकाईयों में 8.57 प्रतिशत की भागीदारी देते हुए छह जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं।



# धरती से आए साथियों को देख खुशी से झूम उठीं सुनीता

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया। इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

# राजगढ़ अंचल में स्थापित होंगे 500 करोड़ की लागत से नए उद्योग: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 275 किमी लंबी रामगंज मंडी-भोपाल रेल लाइन से बढ़ेगी मध्यप्रदेश-राजस्थान की कनेक्टिविटी

**भोपाल,ब्यूरो।** डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजगढ़ में लगभग 500 करोड़ के निवेश से विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में राजधानी भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश में 30 लाख करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश का प्रत्येक अंचल लाभान्वित होगा। स्कूलों में शिक्षकों के पदों सहित पुलिसकर्मियों के रिक्त पदों की पूर्ति की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजगढ़ जिला अस्पताल के बाद शीघ्र मेडिकल कॉलेज की सौगात भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पौने तीन सौ किलोमीटर लंबी रामगंज मंडी से भोपाल तक की रेल लाइन की सौगात इस क्षेत्र को मिल रही है। विकास का कारवां निरंतर चलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में स्वामित्व योजना,



**मुख्यमंत्री ने 40.62 करोड़ रुपये के शौर्य स्मारक और जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण**

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, खाद्य प्र-संस्कृत इकाई योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजगढ़ में शौर्य स्मारक जिला अस्पताल के लोकार्पण और रैन बसेरा भवन, नए विद्यालय भवन और विधि महाविद्यालय के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना, उज्जवला रसोई गैस योजना, निःशुल्क अन्न वितरण सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में विकास का यज्ञ चल रहा है। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन से किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी जमीन न बेचें। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो सिंचाई परियोजना से इस अंचल का बड़ा इलाका लाभान्वित होगा।

# ट्रेन हाईजैक के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बल को ले जा रही बस में विस्फोट, पांच अधिकारियों की मौत

**क्वेटा,एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान के नौशकी में सुरक्षा बलों को लेकर जा रही बस में विस्फोट हो गया। हमले में पांच सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। जबकि 12 सैन्यकर्मी घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं बलूचिस्तान सरकार ने हमले की निंदा की है।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान के नौशकी में सुरक्षा बलों को लेकर जा रही बस में विस्फोट हो गया। हमले में पांच सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। जबकि 12 सैन्यकर्मी घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं बलूचिस्तान सरकार ने हमले की निंदा की है। पुलिस ने बताया कि



पाकिस्तानी सेना की बसें सुरक्षा बलों को लेकर जा रही थीं।

स्थानीय पुलिस प्रमुख जफर जमानानी ने बताया कि बलूचिस्तान के नौशकी जिले में नौशकी-दलबंदिन राजमार्ग पर एक बस के पास सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। विस्फोट से पास की एक दूसरी बस भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों और घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा की।

# स्वास्थ्य संस्थाओं पर विश्व खसरा दिवस का आयोजन

### 17 से 22 मार्च तक चलेगा विशेष कैच अप राउंड




**श्योपुर ब्यूरो।** खसरे जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा खसरा टीकाकरण का अधिकतम कवरेज करने के उद्देश्य से 16 मार्च को विश्व खसरा दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं पर खसरा दिवस मनाया गया। 17 मार्च से 22 मार्च तक विशेष कैचअप रांउड का आयोजन करते हुए ड्रॉपआउट एवं लेफ्ट आउट बच्चों को मीजल्स रूबेला के टीके लगाये जायेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया कि भारत शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2026 तक मीजल्स रूबेला (एमआर) निर्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी जिला, ब्लॉक में एमआर टीके की दोनो खुराकों की उपलब्धि 95 प्रतिशत से अधिक होना अनिवार्य है। 16 मार्च खसरा दिवस के अवसर पर 17 मार्च से 22 मार्च 2025 तक श्योपुर जिले में विशेष टीकाकरण कैचअप सत्रों का आयोजन कर जिले में ड्राप आउट, लेफ्ट आउट बच्चों को एमआर टीके लगाये जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिंह सिकरवार ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खसरा उन्मूलन के लिए शपथ भी दिलाई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा ने बताया की खसरा रोग साईक्लिक ट्रेन्ड के अनुसार प्रत्येक चौथे वर्ष बीमारी महामारी का रूप धारण करती है। समाज में अभी भी खसरे को लेकर विभिन्न मान्यताएं है, उन्होने कहा कि वैक्सीन रोधक 12 बीमारियों में सर्वाधिक जानलेवा, घातक एवं तेजी से फैलने वाला यह वायरस जनित बीमारी है।

एमआर (मीजल्स रूबैला) के दो बार टीके वार टीके लगवाकर खसरे से मुक्ति पाई जा सकती है। पहला एमआर वैक्सीन का टीका 09 से 12 माह एवं दूसरा एमआर वैक्सीन का टीका 16 से 24 माह में लगता है। जिला स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्र में प्रति मंगलवार व शुक्रवार को टीके निःशुल्क लगाये जाते है।

# आवास प्लस सर्वे सूची में नाम जोडने आज यहां लगेंगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार श्योपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस सर्वे सूची में नाम जोडने के लिए पंचायत स्तर पर 8 मार्च से 24 मार्च तक शिविर लगाये जा रहे है, यह शिविर तीनो जनपद पंचायतो की पंचायतो में निर्धारित तिथि पर लगेंगे, शिविर के माध्यम से आवास के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायतो में पात्र हितग्राहियों के नाम सर्वे सूची में जोडने की कार्यवाही 31 मार्च तक की जायेगी। उन्होने निर्देश दिये है कि शिविर तिथि से पूर्व ग्राम सहित उसके मजरे टोलो में मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार किया जायें तथा शिविर के स्थान, समय, तिथि के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी जायें। सर्वे पंजीयन में कोई भी पात्र हितग्राही शेष नही रहें।

**17 मार्च को यहां लगेंगे शिविर**

17 मार्च को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कुण्डहवेली, जवासा, कुडायता, जैनी, मेखडाहेडी, ज्वालापुर, महाराजपुरा एवं नंदापुर में, विकासखण्ड विजयपुर अंतर्गत डोडरीकला, नदीगांव, फरारा, गोबर, इकलौद, पराछा एवं ओछा में तथा विकासखण्ड कराहल अंतर्गत झिरन्या, कलारना, कराहल एवं लहरौनी में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# कलेक्टर के निर्देश पर पहुंची तहसीलदार ने रुकवाई पेडो की कटाई

### जब्त कर बडौदा थाने में दी गई सुपुर्दगी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा के निर्देश पर मौके पर पहुंची तहसीलदार बडौदा श्रीमती मनीषा मिश्रा ने अवैध रूप से की जा रही पेडो की कटाई का कार्य रूकवाया तथा काटे गये पेडो को जब्त कर बडौदा थाने में सुपुर्दगी दी गई है। तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा ने बताया कि बडौदा के वार्ड क्रमांक 11 क्षेत्र में शासकीय सर्वे नंबर 1498/1 पर पेडो की कटाई का कार्य किया जा रहा था। पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर कटे हुए पेडो तथा कटर मशीन को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। साथ ही मौके पर मौजूद दौलतराम सुमन के बयान भी दर्ज किये गये है। कार्यवाही के दौरान सब इस्पेक्टर श्री धर्मेन्द्र शर्मा भी मौजूद रहें।

# समर्थन मूल्य पर चना व सरसों उपार्जन की पंजीयन होंगे आज तक

**दतिया।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास दतिया श्री राजीव वशिष्ठ ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये चना, सरसों मसूर के उत्पादक किसानों का पंजीयन भी किया जा रहा है। किसान भाई अब 17 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन ने किसानों के हित को देखते हुए समर्थन मूल्य पर पंजीयन की तिथि 10 मार्च से बढ़ाकर 17 मार्च कर दी है पंजीयन से शेष रहे किसान अपना पंजीयन अविलंब कराएं और लाभ कमाएं, जिले में पंजीयन का काम जिले के 50 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां एवं एमपी किसान एप पर निःशुल्क कराया जा सकता है। समर्थन मूल्य पर चना व सरसों उर्पाजन की पंजीयन की 17 मार्च 2025 तक अंतिम तिथि है। किसान भाई इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं सायबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री वशिष्ठ ने बताया कि राज्य शासन द्वारा चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल व सरसों का समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान भाईयों से समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिये अपना पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन इसलिये भी जरूरी है कि मंडी के भाव गिरने पर किसान भाई तभी समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच पायेंगे यदि उन्होंने पहले से ही अपना पंजीयन कराया होगा।

# 17 मार्च को विभिन्न क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी

**दतिया।** 33/11 केव्ही आवश्यक मेन्टीनेन्स एवं एमडीपी कंपनी प्रोजेक्ट का का कार्य होने के कारण उक्त फीडर की विधुत सप्लाई बंद रहेगी। 33 केव्ही नयाखेड़ा फीडर की से निलकने वाली सभी 11 केव्ही नयाखेडा, बसई सबस्टेशन फीडर की विद्युत सप्लाई दोपहर 1 बजे से सायं 6 बजे तक बंद रहेगी। 11 केव्ही सिटी 1 फीडर के अंतर्गत हरदौल मोहल्ला, गुप्ता मेडीकल, तलैया मोहल्ला, भटियारा मोहल्ला, पटवा तिराहा, किला चौक, छोटा बाजार, दारूगर की पुलिया, धमतालपुरा, बिहारीजी रोड, भार्गव भवन, गुगौरिया धर्मशाला, तिगैलिया (छोटी), कुंजनपुरा, राब बाग, मुढियन का कुआ संबधित क्षेत्र की दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेंगी।

इसीप्रकार 11 केव्ही सिंधवारी आबादी फीडर, 11 केव्ही चिरूला अबादी फीडर, 11 केव्ही कामद आवादी फीडर, 11 केव्ही सरसई अवादी फीडर, 11 केव्ही सिलोरी अबादी फीडर, 11 केव्ही बरगांय अबादी फीडर, 11 केव्ही घूघसी अवादी फीडर, 11 केव्ही बडोनी अवादी फीडर, 11 केव्ही ठाकुरपुरा अवादी फीडर, 11 केव्ही बरधुआ अवादी फीडर, 11 केव्ही हतलई अवादी फीडर, 11 केव्ही बगेदरी अवादी फीडर से संबधित क्षेत्र की विद्युत शामिल है। सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विधुत सप्लाई का समय आवश्यकतानुसार घटाया बढ़ाया जा सकता है।

# समर्थन मूल्य पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**दतिया।** कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार रबी उर्पाजन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूॅ के उर्पाजन के लिए कृषक पंजीयन कार्य हेतु शासन द्वारा निर्धारित तिथि 31 मार्च 2025 तक की गई है। किसानों द्वारा नियत स्थानों एवं तिथियों में पंजीयन अवश्य कराएं। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था अंतर्गत 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जावे। उक्त संबध में जिले के किसान भाईयों से अपील है कि किसान भाई समर्थन मूल्य पर गेहूॅ विक्रय करना चाहते है तो वह अपना पंजीयन निर्धारित तिथि में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर उपस्थित होकर करा सकते है अथवा स्वयं एमपी किसान एप के माध्यम से कर सकते है। जो किसान भाई पंजीयन नहीं करवाएंगे तो वह अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय नहीं कर सकते है।

# फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए दूसरे चरण के शिविर आज से

### कलेक्टर के निर्देश पर अभियान चलाकर की जा रही फार्मर रजिस्ट्री

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री किये जाने के निर्देशो के क्रम में प्रथम चरण के शिविर आयोजनो उपरांत अब द्वितीय चरण में फिर से ग्रामों में आज 17 मार्च से 20 मार्च तक शिविर लगाये जा रहे है। इसी प्रकार तहसील विजयपुर, वीरपुर, कराहल एवं बडौदा में भी शिविर आयोजित होंगे। तहसीलदार श्योपुर श्री अर्जुन सिंह भदौरिया ने बताया कि 17 मार्च से 20 मार्च तक सोईकलां में शिविर आयोजित होगा, जिसमें सोईकलां एवं बगडूआ के कृषक शामिल होंगे। इसी प्रकार मानपुर में आयोजित शिविर में जैनी-मानपुर, बर्धाबुजुर्ग में आयोजित शिविर में बर्धाबुजुर्ग एवं दांतरदा खुर्द, सलापुरा में आयोजित शिविर में सलापुरा-नागदा, प्रेमसर के शिविर में प्रेमसर-पानडी-ननावद, बिजरपुर-कवरसली, दांतरदा कला शिविर में तलावदा-दांतरदा कला-सामरसा-आवनी-जवासा, ढोढर के शिविर में ढोढर-खोजीपुरा-खिरखिरी, अडवाड के शिविर में अडवाड-डाबरसा-जलालपुरा, ज्वाड-माखनाखेडली, धीरोली के शिविर में धीरोली-माकडोद-काशीपुर, बगवाज के शिविर में बगवाज-मयापुर, लहचौडा के शिविर में लहचौडा-बनवाडा-सोठवा, नसीरपुरा के शिविर में नसीरपुरा-लाडपुरा-गोठरा, ढेगदा के शिविर में ढेगदा-कलारना, रन्नोद में होने वाले शिविर में रन्नोद-तिल्लीपुर-नागरगावडा के कृषक शामिल होगे। इसी प्रकार बगदिया, कनापुर, हलगावडा बुजुर्ग, मेवाड, जैदा, रायपुरा में भी 17 मार्च से 20 मार्च तक प्रतिदिन शिविर आयोजित होंगे। एसएलआर श्री मुन्ना सिंह गुर्जर ने जानकारी दी कि इसी क्रम में विजयपुर तहसील अंतर्गत 11 स्थानों पर, वीरपुर में 07, कराहल में 42 तथा बडौदा तहसील अंतर्गत 10 स्थानों में भी 17 मार्च से 20 मार्च तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# युवक फांसी पर झूला

**मुरैना,कांस।** अम्बाह थाना क्षेत्र के ग्राम जल का नगर में रहने वाले अनूप सिंह पुत्र उम्मेद सिह तोमर उम्र 40 साल अपने खेत के पास खडे पेड से फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका मौका पंचनामा बनाकर शव का पीएम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर फरियादी महेन्द्र पुत्र बेताल सिंह की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# साहब कांशी राम जी की जयंती मनाई



**भोपाल।** बसपा के पूर्व प्रदेश कार्यालय सचिव एवं स्पार्क पब्लिक स्कूल भोपाल के संचालक श्री राजाराम जी ने अपने निवास पर परिजनों संग मनाई कांशीराम जयंती दी शुभकामनाएं राजाराम ने कांशीराम जी के जीवन संघर्ष पर अपने विचार रखे वहीं आम जनमानस को कांशीराम की भांति संघर्ष करने की प्रेरणा उनके जीवन संघर्ष से लेनी चाहिए.. कांशीराम जी ने भारत देश में वह काम करके दिखा दिया जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। मान्य.कांशीराम जी का मानना था,कि जिस समाज की शासन व प्रसाशन में भागेदारी नहीं होती वह समाज गुलाम है।

# बहनों द्वारा भाइयों के सम्मान का दिन है भाईदूज-रेखा बहन

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र सबलगढ़ पर रविवार को होली के पावनपर्व पर भाईदूज समारोह मुरैना केंद्र की बहन रेखा जी के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया।जिसमें उन्होंने भाईदूज के महत्व पर प्रकाश डाला।मुरैना से पधारे भाई व बीएमओ डॉ राजेश शर्मा भी मंचासीन रहे।इस अवसर पर सबलगढ़ केन्द्र की बहन पूनम ने अतिथियों का स्वागत किया।रेखा बहन ने सभी भाई बहनों को तिलक लगाएं।

# बरासों में भव्य पंचकल्याणक एवं सुमेरू पर्वत का शिलान्यास कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

### श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने किया शिलान्यास



**भिण्ड ब्यूरो।** भिण्ड जिले के विकासखण्ड मेहगांव के अतिशय क्षेत्र बरासों में भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी जी की त्रयवार समोशरण स्थली पर सिद्धचक्र आराधक आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज के नेतृत्व में श्री सुमेरू वीर भूमि तीर्थ क्षेत्र बरासों में 10 मार्च से 16 मार्च 2025 तक आयोजित हो रहे भव्य पंचकल्याणक एवं श्री सुमेरू वीर भूमि तीर्थ क्षेत्र बरासों में 414 फुट 41 मंजिल विश्व इतिहास में अलौकिक सुमेरू पर्वत जी का शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल रूप से जुड़कर सुमेरू पर्वत जी का शिलान्यास किया। साथ ही बरासों में श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, सांसद श्रीमती संध्या, विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह, कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह नरवरिया, एसडीएम मेहगांव श्री नवनीत शर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर चना व सरसों उपार्जन के लिए भी हो रहा है पंजीयन, किसान भाई 17 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**भिण्ड ब्यूरो।** समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये चना, सरसों मसूर के उत्पादक किसानों का पंजीयन भी किया जा रहा है। किसान भाई अब 17 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन ने किसानों के हित को देखते हुए समर्थन मूल्य पर पंजीयन की तिथि 10 मार्च से बढ़ाकर 17 मार्च कर दी है पंजीयन से शेष रहे किसान अपना पंजीयन अति अविलंब कराएं और लाभ उठाएं पंजीयन हेतु मात्र 4 दिन शेष हैं। जिले में पंजीयन का काम जिले के 38 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां एवं एमपी किसान एप पर निरूशुल्क कराया जा सकता है। किसान भाई इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं सायबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री एस.के. धुर्वे ने बताया कि राज्य शासन द्वारा चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल व सरसों का समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान भाईयों से समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिये अपना पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन इसलिये भी जरूरी है कि यदि मंडी के भाव गिरने पर किसान भाई तभी समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच पायेंगे यदि उन्होंने पहले से ही अपना पंजीयन कराया होगा।

# 17 मार्च को कक्षा 12वीं के रसायन शास्त्र विषय की परीक्षा होगी आयोजित, परीक्षा में सभी छात्रों को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 08 बजे तक पहुँचना अनिवार्य होगा

### प्रातः 08.30 के बाद नहीं दिया जायेगा प्रवेश, परीक्षा केन्द्र पर अनुचित सामग्री, मोबाइल, घडियाँ, इलेक्ट्रोनिक उपकरण रहेंगे पूर्णतः प्रतिबंधित

**भिण्ड ब्यूरो।** माध्यमिक शिक्षा शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा दिनांक 17 मार्च 2025 को कक्षा 12वीं के रसायन शास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा में सभी छात्रों को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 08 बजे तक पहुँचना अनिवार्य होगा। प्रातः 08.30 के बाद प्रवेश नहीं दिया जायेगा। सभी पालक अपने बच्चों को निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री नहीं ले जायें, मोबाइल, घडियाँ, इलेक्ट्रोनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

# रवी उपार्जन वर्ष 2025-26 में गेहूँ उपार्जन हेतु किया जा रहा है पंजीयन

### गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च, जिले में कुल 38 संस्थाओं पर निःशुल्क पंजीयन की सुविधा है उपलब्ध, किसान ऐप से मोबाईल के माध्यम से भी किया जा सकता है पंजीयन

**भिण्ड ब्यूरो।** जिला आपूर्ति अधिकारी भिण्ड ने जिले के समस्त किसान बंधुओं को सूचित कर कहा है कि वर्तमान में रवी उपार्जन वर्ष 2025-26 में गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन किया जा रहा है, इस हेतु जिले के सभी विकासखण्ड में कुल 38 संस्थाओं पर निःशुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है साथ ही जिले में 158 एमपी ऑनलाईन/सीएससी केन्द्रों पर भी 50/- रूपये पंजीयन के मान से पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है साथ ही किसान ऐप से मोबाईल के माध्यम से भी पंजीयन किया जा सकता है, इसका लाभ उठाते हुये तेजी से अपना पंजीयन करायें, पंजीयन हेतु खसरा खतौनी, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक और ऐसा मोबाईल नंबर जोकि आधार और बैंक खाते में जुडा हो को लेकर ही केन्द्र पर जायें। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है। साथ ही किसानों से अनुरोध है कि आगामी सप्ताह से गेहूं की खरीदी चालू हो जायेगी। पंजीकृत किसान अपने गेहूँ को छलना लगाकर साफ-सुथरा गेहूँ ही लेकर खरीदी केन्द्रों पर जायें, जिससे की गेहूँ बेचने में कठिनाई न हो, इस हेतु आप स्लॉट बुक कर अपना विक्रय दिनांक भी निर्धारित कर सकते हैं। इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा 2425६- रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहू खरीदा जा रहा है साथ ही म0प्र0 शासन द्वारा 175/- रूपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस देने की घोषणा की है, इस प्रकार 2600/- रूपये प्रति क्विंटल की दर से किसान को गेहूं का भुगतान किया जायेगा।

# चना, सरसों फसल पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विपणन वर्ष 2025-26 में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना, सरसों फसल की खरीदी के लिए पंजीयन आज 17 मार्च तक कराये जा सकते है। समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज 17 मार्च नियत है। श्योपुर जिले में 33 सहकारी समितियों पर पंजीयन की सुविधा जारी है। इसके अलावा एम.पी.किसान ऐप तथा सशुल्क में एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोकसेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर भी फसल पंजीयन कराया जा सकता है। कृषि विभाग ने जानकारी दी है कि जिले में 25 मार्च से चना, सरसों फसल की खरीदी का कार्य शुरू होगा।

# राजनैतिक दलो से सुझाव प्राप्त करने बैठक 17 को

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो से सुझाव, कठिनाईयां प्राप्त करने के संबंध में जिला स्तरीय बैठक 17 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गई है। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गढवाल ने बताया कि बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुसार कानूनी ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को ओर अधिक मजबूत बनाने के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो से सुझाव प्राप्त किये जायेंगे।

# कलेक्टर बंगले मे होली खेल, बच्चों के चेहरों पर बिखरे खुशियों के रंग

### बच्चों संग होली मिलन "बाल रंग 2025" का चौथा आयोजन

**सतना।** कलेक्टर बंगले में रविवार की सुबह कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए खुशियों के नए रंग लेकर आई। कलेक्टर सपरिवार जिले भर के इन बच्चों के मेजबान बने और अपने निवास में इन बाल मेहमानो की खूब आव-भगत की। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के साथ उनके विशेष रूप से बाल सुलभ साज-सज्जा युक्त कलेक्टर बंगले मे जिले भर से आये बच्चों ने आत्मीयता पूर्वक होली मनाई, रंग-गुलाल के साथ मस्ती की। बच्चों ने फिसल पट्टी, झूले, विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और डीजे में डांस का मजा लिया। बच्चे जब वापस लौटे तो उनके हाथों में गिफ्ट और चेहरों पर खुशी भरी मनमोहक मुस्कान नजर आई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की विशेष पहल पर रविवार को कलेक्टर बंगले में वात्सल्य उत्सव एवं बाल रंग 2025 होली मिलन का चौथा आयोजन किया गया था। यह आयोजन कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों एवं जिलेभर के मातृ-पितृ विहीन लगभग 100 से अधिक बच्चों के लिये खुशियां बांटने का था। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और उनकी पत्नी श्रीमती नमामि ने इन बच्चों पर पुष्प वर्षा कर गुलाल लगाया, और आत्मीयता से होली खेल कर अपनेपन का अहसास दिलाया। कलेक्टर निवास में डीएफओ मयंक चांदीवाल, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह और उनकी टीम, जिला पंजीयक डॉ. कीर्ति सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती चन्द्र किरण श्रीवास्तव, सदस्य कामता पाण्डेय, किशोर न्याय बोर्ड से आरती पाण्डेय, राकेश तिवारी, मातृछाया, समेकित बाल संरक्षण की टीम भी बच्चों को खुशियां बांटने में सहभागी बने। इस अवसर पर सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, सीडीपीओ पुनीत शर्मा, अभय द्विवेदी, संजय उरमलिया, रीता द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

**बच्चों को बांधे साफे, गिफ्ट पैकेट उपहार स्वरुप भेंट किये**

कलेक्टर बंगले में वात्सल्य उत्सव एवं बालरंग 2025 होली मिलन के चौथे आयोजन में जिलेभर से आये बच्चों ने कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस और उनकी पत्नी के साथ आत्मीयता के साथ गुलाल और फूलों की होली खेली। महिला बाल विकास के आयोजन में होली मिलन में आये बच्चों को साफे बांधे गये और कलेक्टर दंपत्ति ने अपनेपन का अहसास दिलाते हुये बच्चों के साथ होली की खुशियां बांटी। बच्चों ने कलेक्टर बंगले में उनके लिये लगाये गये झूलों, फिसलपट्टी सहित अनके खेल संसाधनों का उपयोग कर धमा-चौकड़ी मचाई। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर दंपत्ति ने बच्चों को गिफ्ट पैकेट उपहार स्वरुप भेंट किये। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि जिले के ऐसे बच्चों के बीच पहुंचकर जो खुशियां मिलती हैं उसे शब्दो में बयां नहीं किया जा सकता है, केवल सुखद अहसास किया जा सकता है। इन बच्चों के लिये मां-बाप का प्यार तो नहीं दे सकते, लेकिन उन्हें यह अहसास करा सकते हैं कि वह अकेले नहीं है। हम सब उनके साथ हैं।

# पंच तत्व में विलीन हुए शहीद रामचरण गौतम, राज्यमंत्री ने मऊगंज में हुई दुर्घटना में एएसआई के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को मऊगंज में कर्तव्य पालन के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में रैगांव विधानसभा अंतर्गत कोठी थाना क्षेत्र के पवैया गांव निवासी एएसआई श्री रामचरण गौतम जी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक है। राज्यमंत्री ने उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर पार्थिव शरीर पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि समाज और पूरे प्रशासनिक तंत्र की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे, और शोकाकुल परिजनों को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। श्री रामचरण गौतम जी का कर्तव्यनिष्ठ जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनकी वीरता और समर्पण को कोटि-कोटि नमन है। मऊगंज की दुर्घटना में कर्तव्य के दौरान शहीद एएसएफ के एएसआई रामचरण गौतम का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सतना जिले के गुलुवा पवइया में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एसडीएम एलआर जांगडे ने भी गुलवा पवइया पहुंचकर कर्तव्य पालन के दौरान हुई दुर्घटना में एएसआई श्री रामचरण गौतम के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मंत्री श्री कुशवाह व श्री तोमर ने कमलाराजा अस्तपाल पहुँचकर मरीजों से की चर्चा

## ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया से मरीजों की दूरभाष पर कराई चर्चा



**ग्वालियर।** ग्वालियर के कमलाराजा अस्पताल में गत रात्रि में हुई अग्नि दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अस्पताल पहुँचकर मरीजों एवं उनके अभिभावकों से चर्चा की। उन्होंने सभी मरीजों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार एवं पूरा प्रशासन उनके साथ है। उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जायेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया, डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. आर के एस धाकड़ सहित अस्पताल प्रशासन के चिकित्सक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कमलाराजा अस्पताल पहुँचकर मरीजों का हालचाल जाना एवं उनके परिजनों से चर्चा की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को भी कहा है कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अस्तपाल में उपचाररत एक मरीज की प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दूरभाष पर चर्चा भी कराई। मुख्यमंत्री द्वारा भी अग्नि दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में इस प्रकार की कोई दुर्घटना न हो, इसके लिये हर संभव प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं एवं उपचाररत मरीजों को आश्वस्त किया कि वह किसी भी प्रकार से परेशान न हों। प्रदेश सरकार उनकी हर तरह से देखभाल कर रही है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस मौके पर केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. आर के एस धाकड़ एवं उपचाररत मरीज की दूरभाष पर चर्चा कराई। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने भी इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इस पर गंभीरता से कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही उपचार मरीज को भी आश्वस्त किया कि वह किसी भी प्रकार की चिंता न करे।

शासन-प्रशासन उनके साथ है। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भी ग्वालियर में कमलाराजा अस्पताल में हुई अग्नि दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर एवं डीन मेडीकल कॉलेज से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है ग्वालियर - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उप नगर ग्वालियर में किया विकास कार्यों का लोकार्पण



**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को उप नगर ग्वालियर के वार्ड 2 में 60 हार्सपावर मोटर का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने ग्वालियर को स्वच्छ, सुन्दर, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि आपका यह सेवक आप सभी के मान सम्मान में किसी तरह की कोर कसर नहीं छोड़ेगा। इस मौके पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा हमारा ग्वालियर बदल रहा है, अब ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग के कारण ग्वालियर की तकदीर और तस्वीर बदली है और वह समय अब दूर नहीं है, जब ग्वालियर का नाम पूरे सम्मान के साथ विकसित शहरों की श्रेणी में लिया जाएगा। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर उप नगर के वार्ड 2 में 22 लाख की लागत से सत्यनारायण की टेकरी पर 60 हॉर्स पावर मोटर का लोकार्पण करते हुए कहा कि इस परियोजना के माध्यम से सत्यनारायण टेकरी पहाड़ी पर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को जल सुविधा में सुधार होगा। इस अवसर पर प्रशासन, नगर निगम, विद्युत वितरण कंपनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्वालियर के कमला राजा अस्पताल के आईसीयू में आग लगने की घटना पर सख्त हुए सिंधिया, जिला प्रशासन से बात कर दिए जरूरी निर्देश, मरीजों से बात कर दिया हर संभव मदद का आश्वासन, कोई जनहानि नहीं

## शॉर्ट सर्किट के कारण एसी में हुआ था ब्लास्ट, तत्काल बचाव कार्य से बड़ा हादसा टला

**ग्वालियर।** के कमला राजा अस्पताल के प्रसूति विभाग के आईसीयू में बीती रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटना पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संज्ञान लिया है। हादसे की जानकारी मिलते ही सिंधिया ने जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन से बात कर घटना की पूरी जानकारी ली एवं सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

घटना के समय अस्पताल में 100 से अधिक मरीज भर्ती थे, जिनमें नवजात शिशु और प्रसूति महिलाएं भी शामिल थीं। स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रशासन और स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला।

**तेजी से किया गया बचाव कार्य**

फायर सेफ्टी ट्रेनिंग प्राप्त अस्पताल स्टाफ की मुस्तैदी से तत्काल बचाव कार्य शुरू किया गया। और सभी मरीजों को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शिफ्ट करने की प्रक्रिया रात 4 बजे तक चलती रही।

**ऊर्जा मंत्री तोमर ने सिंधिया से फोन पर कराई मरीजों की बात**

घटना की जानकारी मिलते ही मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं ग्वालियर से विधायक प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की और अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से फोन पर बात करवाई।सिंधिया ने अस्पताल में भर्ती संजना नाम की महिला मरीज से बातचीत करते हुए उन्हें ढांढस बँधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मेरी हर गतिविधि पर नजर है आप लोग किसी भी प्रकार की चिंता नहीं करें।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग**
**खण्ड श्योपुर (म0प्र0)**

दूरभाष कमांक 07530–222185 Email id:- eephed_sheopur@yahoo.com
कंमाक 504 /लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./2024 श्योपुर/दिनांक 12-03-2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई–निविदायें On-line आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम– जल जीवन मिशन अन्तर्गत श्योपुर जिले के विकासखण्ड कराहल के विभिन्न ग्रामों की नलजल योजनाओं में 200/150 मि.मी व्यास के 120 मीटर गहरे साधारण नलकूप खनन कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क. | निविदा सूचना कमांक | टेंडर आई.डी. | विकास खण्ड | नलकूप की संख्या | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29/2024–25 दि. 12.03.2025 | 2025_PHED_408679_1 | कराहल | 12 | 11.67 | 23340 | 2000 | 02 माह |

बिड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक– 18.03.2025 समय 10.30 बजे से
बिड सबमिशन अंतिम दिनांक– 26.03.2025 समय 17.30 बजे तक
बिड खोलने का दिनांक– 28.03.2025 समय 13.00 बजे तक

नोट– यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेब साइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेब साइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
खण्ड श्योपुर (म0प्र0)

G-24413/24



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग**
**खण्ड श्योपुर (म0प्र0)**

दूरभाष कमांक 07530–222185 Email id:- eephed_sheopur@yahoo.com
कंमाक /लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./2023 श्योपुर/दिनांक................

क्र- 510 // निविदा आमंत्रण सूचना // दि- 13-03-2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई–निविदायें On-line आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम– श्योपुर जिले के विकासखण्ड श्योपुर/कराहल/विजयपुर के विभिन्न ग्रामों में नलकूपों की ड्रिलिंग के लिए (resistivity survey with three soundings) VES Method. द्वारा प्रतिरोधकता सर्वेक्षण करते हुए 120–नग कार्य की निविदा की निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क. | निविदा सूचना कमांक | टेंडर आई.डी. | विकास खण्ड | संख्या | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समस अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37/2024–25 दि. 13.03.2025 | 2025_PHED_409300_1 | श्योपुर एवं कराहल | 70 | 1.24 | 2480 | 1000 | 06 माह |
| 2 | 38/2024–25 दि. 13.03.2025 | 2025_PHED_409302_1 | विजयपुर | 50 | 0.89 | 1770 | 1000 | 06 माह |

बिड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक– 20.03.2025 समय 10.00 बजे से
बिड सबमिशन अंतिम दिनांक– 01.04.2025 समय 17.30 बजे तक
बिड खोलने का दिनांक– 03.04.2025 समय 13.00 बजे तक

नोट– यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेब साइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेब साइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
खण्ड श्योपुर (म0प्र0)

G-24428/24



**कार्यालय कलेक्टर (लोकसेवा प्रबंधन विभाग) जिला मुरैना (म.प्र.)**
E-mail : loksevamorena@gmail.com

क्रमांक/लो.से.प्र./निविदा/2025/96 मुरैना, दिनांक:10/03/2025

//विज्ञप्ति//

राज्य लोक सेवा अभिकरण, भोपाल के पत्र क्रमांक/1255/रालोसेअ/प्रशा./2024 भोपाल, दिनांक 19.11.2024, द्वारा जिला स्तर पर कॉल सेन्टर स्थापना एवं संचालन के मैनपॉवर आदि लिये जाने के निर्देश के अनुपालन में लोक सेवा प्रबंधन विभाग, ई–गवर्नेंस सोसायटी जिला–मुरैना द्वारा मध्यप्रदेश टेण्डर के माध्यम से पुनः निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्तें की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in, जिले की बेबसाइट www.morena.nic.in एवं www.mpedistrict.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है:–

| क्रमांक | कार्यवाही | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | टेंडर का ऑनलाईन प्रकाशन, आरएफपी जारी करना | 11/03/2025 |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | 18/03/2025 |
| 03 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि https://mptenders.gov.in | 25/03/2025 03:00 PM |
| 04 | ऑनलाइन तकनीकी निविदा ओपन करना | 26/03/2025 |
| 05 | ऑनलाइन वित्तीय निविदा ओपन करना | समिति के निर्णय अनुसार |

अधिक जानकारी के लिये वेबसाईट अवलोकन करें अथवा कार्यालय कलेक्टर/जिला प्रबंधक (लोक सेवा) कार्यालय मुरैना में संपर्क किया जा सकता है।
**(समिति द्वारा अनुमोदित)**

अपर कलेक्टर
जिला–मुरैना (म.प्र.)

G-24350/24


# होली की भाईदूज पर केन्द्रीय जेल में बहनों ने की भाईयों से मुलाकात



**ग्वालियर।** होली की भाईदूज पर केन्द्रीय जेल में बहनों ने भाईयों से मुलाकात की। भाईदूज के दिन प्रातः से ही बहनें केन्द्रीय जेल पहुँचीं। जेल प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के तहत जेल में निरूद्ध लगभग 2700 बंदियों से उनकी लगभग 7000 माता-बहनें एवं उनके लगभग 1500 छोटे बच्चों ने मुलाकात की। केन्द्रीय जेल अधीक्षक ने बताया कि केन्द्रीय जेल ग्वालियर में परिरूद्ध बंदियों की माता-बहनों ने शांतिपूर्वक सुरक्षा के साथ भाईदूज पर मुलाकात की। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के सहयोग से भाईदूज के अवसर पर बड़ी संख्या में बहनों ने पहुँचकर भाईयों से मुलाकात की।

# कमलाराजा अस्पताल में आगजनी की घटना की जाँच के कलेक्टर ने दिए आदेश

## जाँच दल गठित : 9 बिंदुओं पर जाँच पाँच दिवस में करने के निर्देश

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शनिवार की देर रात कमलाराजा अस्पताल में आगजनी की घटना हुई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्परता से मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया। इसके साथ ही मरीजों को अन्य वार्ड में सुरक्षित शिफ्ट भी किया। अग्नि दुर्घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अग्नि दुर्घटना की जाँच के लिये जाँच दल गठित कर जाँच के बिंदु निर्धारित किए हैं। जाँच दल पाँच दिवस में घटना की सम्पूर्ण जांच का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों को जाँच दल में रखा गया है, उनमें एसडीएम झांसी रोड श्री विनोद सिंह, सीएसपी इंदरगंज श्री रॉबिन जैन, अधीक्षक जयारोग्य अस्पताल डॉ. सुधीर सक्सेना, सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव, उपायुक्त एवं फायर ऑफीसर नगर निगम श्री अतिबल सिंह यादव, कार्यपालन यंत्री ईएण्डएम लोक निर्माण विभाग श्रीमती आयुषि सचान व असिस्टेंट इंजीनियर विद्युत सुरक्षा श्री आर एस वैश्य शामिल हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने घटना की जाँच के लिये निम्न बिंदु निर्धारित किए हैं। इनमें आगजनी की मूल घटना का कारण एवं आगजनी सर्वप्रथम कहां से प्रारंभ हुई, आगजनी की घटना से कितनी शासकीय-अशासकीय सम्पत्ति प्रभावित हुई, हॉस्पिटल में फायर फाइटिंग सिस्टम एवं उससे संबंधित उपकरणों की व्यवस्था थी अथवा नहीं, क्या स्टाफ फायर फाइटिंग के लिये प्रशिक्षित है, हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा विद्युत सुरक्षा संबंधी प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया था एवं विद्युत सुरक्षा संबंधी इंतजाम किए गए थे या नहीं, आगजनी में हुए प्रभावित नुकसान की जानकारी एवं आगजनी की घटना के लिये कौन-कौन जिम्मेदार है, इन बिंदुओं पर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राज्यमंत्री ने अपने कार्यालय में दी श्रद्धांजलि

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र के अपने कार्यालय में जिले के वरिष्ठ समाज सेवी और म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रहे स्वर्गीय लक्ष्मी यादव एवं स्वर्गीय दयानंद कुशवाहा को श्रद्धासुमन अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दोनों ही वरिष्ठ समाजसेवियों का योगदान और समर्पण समाज के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दे।

# निगम परिषद में बजट पर चर्चा आज

**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद के बजट पर चर्चा का आयोजन सोमवार दिनांक 17 मार्च 2025 को दोपहर 3 बजे सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित की जाएगी।

# मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने विधानसभा में शिक्षा, बड़े हुए बिजली बिल, शराब बन्दी, किसानों को खाद और फसल के उचित दाम, युवाओं को रोजगार एवं क्षेत्र के विकास की मांग की।

**मुरैना,कांस।** भोपाल विधानसभा में मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने शिक्षा, बड़े हुए बिजली बिल, शराब बन्दी, किसानों को खाद और फसल के उचित दाम, युवाओं को रोजगार, क्षेत्र के विकास और जनहित कार्यों के लिए अपनी बात रख मांग की और कहा कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में क्या हाल हैं यह मध्य प्रदेश की आम जनता जानती है. परन्तु मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिन एडेट शालाओं के माध्यम से गरीब किसान और मजदूर का बेटा और बेटी पढ़ाई करती थी. वह एडेट शालाएं एडेट शिक्षक के रिटायर होने के बाद वह एडेट शालाएं बंद हो गयी, मैंने एक वर्ष के अंदर कई बार जिले में और माननीय शिक्षा मंत्री जी को भी अवगत कराया कि इन क्षेत्रों में कई गांव ऐसे हैं, जैसे ग्राम गिरगौनी, छर्रा का पुरा, घुरैया का पुरा, और ग्राम बिसेंठा ऐसे कई गांव हैं, जहां एडेट शालाएं बंद होने से छात्र छात्राओं की पढ़ाई बिल्कुल बंद हो गयी है, कई जगह एडेट शालाओं के विद्यालय, भवन हैं वहां पर सिर्फ शिक्षक की व्यवस्था करनी है. एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार दावा करती है कि हम बहुत अच्छे विद्यालय खोलकर सभी को शिक्षा दे रहे हैं। पर ऐसी गूंगी बहरी सरकार हम पहली बार मध्यप्रदेश में देख रहे हैं कि जो बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही है यहां शिक्षक की भी व्यवस्था नहीं की. विद्यालय की बात तो अलग है। मुरैना विधायक ने मांग की नवीन विद्यालय खोलकर शिक्षकों की व्यवस्था की जावे। मुरैना जिले के अंदर हालात यह हैं कि अगर किसी सामान्य व्यक्ति ने अपने घर पर दुकान बना ली है तो दुकान का कमर्शियल टैक्स तो लिया जा रहा है उसके साथ-साथ पूरे मकान पर भी कमर्शियल टैक्स लगा दिया जाता है. मेरी विधानसभा क्षेत्र में अवैध वसूली का काम विद्युत विभाग के द्वारा हो रहा है, विद्युत विभाग जिस तरह से बिजली के बिल पर पैनल्टी लगा रही है. जब एक तरफ सरकार बात करती है कि हम गरीब, मजदूर, किसान और आम जनता को सुविधा देना चाहते हैं और एक तरफ पैनल्टी लगाकर गरीब मजदूर लोगों को लूटा जा रहा है. इसीलिये बिजली विभाग की वसूली नहीं हो पा रही है. उदाहरण के तौर पर कि किसी का तीस हजार का बिल है तो वह पैनल्टी लगकर दो-दो, तीन-तीन लाख रूपये हो गया है. आम आदमी इतना पैसा कहां से देगा। मुरैना विधायक ने मध्यप्रदेश की सरकार से और मंत्री जी से मांग कि है कि इस पर गंभीरता से चिंतन करें और पैनल्टी खत्म करके मूल रकम वसूली जाये। दूसरा मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंदर, यह मैंने पहले भी अवगत कराया है कि मुरैना विधानसभा क्षेत्र की धनेला पंचायत, पहाड़ी पंचायत, जखौदा पंचायत, खिरावली पंचायत और अन्य कई पंचायतों के अंतर्गत 30 मजरे-टोले ऐसे हैं जहां आज भी बिजली का तार नहीं है। मुरैना विधायक ने मध्यप्रदेश सरकार से मांग कि उक्त पंचायतों के मजरों/टोलों पर विद्युत की व्यवस्था की जाये, जिससे आम गरीब और किसान बिजली का लाभ ले सके. अपने खेतों में सिंचाई कर सके और अपने पीने के पानी की व्यवस्था कर



सके। विधानसभा में बात रखते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के अंदर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कई जिलों में धार्मिक स्थानों की वजह से शराब बंदी की है, उसका हम स्वागत करते हैं और हम यह मांग करते हैं कि मुरैना भी एक ऐतिहासिक जिला है, एक संतों की तपोभूमि है और यहां महाभारत काल से, आदिकाल से प्राचीन मंदिर बने हुए हैं, मुरैना में बटेश्वर मंदिर, भगवान शनि देव मंदिर, भारत की संसद का जो नक्शा बना वह मुरैना की चौंसठ योगिनी के डिजाइन पर बना है, करह धाम आश्रम है मुरैना में हमारे संत शिरोमणि हरिगिर महाराज जी द्वारा शराब बंदी को लेकर लगभग कई वर्षों से काम हो रहा है वह पंचायतों और गांव-गांव जाकर कार्य कर रहे हैं कि कैसे भी मध्यप्रदेश के नौजवानों को नशे से छुटकारा मिले। मुरैना विधायक ने माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग की, कि मुरैना जिले में भी शराब बंदी की जाये। मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में किसान अपनी फसलें बेचने के लिये हर साल आता है हर दिन लम्बी-लम्बी लाइनों में किसान अपनी फसलों की तुलाई के लिये लगा रहता है और अगर कोई किसान 40 किलोमीटर दूर से अपनी फसल बेचने के लिये मण्डी या सोसायटी में आया है, 4 दिन अगर वह रहता है, अगर गरीब है, तो उसका बेटा साइकिल से खाना देने वहां आता है. लगभग उन 4 दिनों में उस गरीब किसान का 1 से 3 हजार रुपये का खर्च होता है, मच्छरों में और जमीन पर, सड़कों पर वह सोता है तुलाई केन्द्र कम होने के कारण हमारे किसान भाई आये दिन फसल तुलाई के समय पर परेशान होते हैं. 4-5 दिन ट्रेक्टरों की लाइनें लगी रहती हैं. कई जगह झगड़े, उधम होते हैं. तो मेरी मांग है कि तुलाई केंद्र मध्यप्रदेश में हर जगह और मुरैना जिले के अन्दर भी बढ़ाये जायें और किसानों को उनकी फसलों के सही दाम दिए जावे। मुरैना विधान सभा क्षेत्र के बामोर नगर पंचायत में आवास कालोनी का निर्माण हुआ, उसमें लोग निवास कर रहे हैं। परन्तु आज तक वहां न तो ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली के तार लगाए गए, न खम्भे लगाये गये, न सड़कें, न नाली बनाई गई, न पानी के लिये कोई बोर करके उनको नल कनेक्शन दिया गया। आज भी टेंकरों से पानी जाकर लेते हैं. बेचारे अंधेरे में जीवन जी रहे हैं। मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने सरकार से मांग है कि बामोर नगर पंचायत के अंतर्गत जो बामोर खुर्द में आवास कालोनी बनी है, उसमें बिजली, पानी और सड़क की, नाली की व्यवस्था की जाये। बानमोर औद्योगिक क्षेत्र में जो फैक्ट्रियां खुली हुई है उनमें क्षेत्रीय नौजवानों को रोजगार नहीं दिया जाता है जिस कारण क्षेत्रीय नौजवान किसी अन्य शहरों दिल्ली, पुणे, गुजरात एवं अन्य शहरों में जाकर मजदूरी कर रहे हैं और दूसरे शहरों के लोग मुरैना बानमौर फैक्ट्रियों में आकर रोजगार कर रहे हैं, मेरी मांग है कि बानमौर फैक्ट्रियों में क्षेत्रीय नौजवानों को रोजगार दिए जाएं। यह मैं सरकार से मांग करता हूं. बामोर औद्योगिक क्षेत्र है और जितने भी हमारे यहां उद्योग लगे हुए हैं मुरैना विधान सभा क्षेत्र में, सरकार की मंशा के अनुरुप लगभग 70 प्रतिशत स्थानीय लोगों को उसमें नौकरी मिलनी चाहिये. आज हालात यह हैं कि मुरैना क्षेत्र के जितने भी औद्योगिक क्षेत्र हैं, जितनी भी फैक्ट्रियां हैं. उनमें स्थानीय नौजवानों को रोजगार नहीं दिया जाता है। मुरैना जिले में पिता पुत्र मोटर साइकिल से जा रहे थे, दुर्भाग्य से दुर्घटना हुई और उसमें पिता की मृत्यु हो गयी।

बेटे को जब लोग अस्पताल में लेकर के गये, तो इमरजेंसी में कोई डॉक्टर नहीं थे, एक्सरे के लिये वह दो घण्टे तक बैठा रहा, जब हम फोन लगा रहे हैं, पता लगता है कि इमरजेंसी में डॉक्टर ही नहीं है। मेरी मांग है कि स्वास्थ्य के बारे में बड़ी बड़ी बातें न करते हुए मुरैना जिले में शासकीय अस्पताल बना है उसमें डॉक्टरों की और उक्त जांच करने की सुविधा की जावे एवं जनहित कार्यों को लेकर विधानसभा भोपाल में मांग की और जल्द से जल्द उक्त समस्याओं का निराकरण कर जनहित में विकास कार्य कराये जाने की बात कही।

## संपादकीय

# भारत के सामने नई चुनौतियां

हले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर डब्लूटीओ के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मगर अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। भारत सरकार के सामने नई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए फिर से भारत का नाम उन देशों के साथ लिया, जिनके बारे में उनकी राय है कि इन देशों ने अपनी ऊंची शुल्क दर से अमेरिका की नरम नीति का फायदा उठाया है। इन देशों पर उन्होंने अगले दो अप्रैल से जैसे को तैसा' टैक्स लगाने का एलान किया- यानी जो देश जिस दर से अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाता है, अब उसके उत्पादों पर उतना ही शुल्क अमेरिका में लगेगा। चूंकि ट्रंप किसी वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते, तो वे यह नहीं बताते कि उन देशों को पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया था। हैरतअंगेज है कि भारत सरकार या विपक्ष ने भी अपनी जनता को इस बारे में जागरूक करने का प्रयास नहीं किया है। पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मकसद न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था बनाना था। मगर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर इस संगठन को निष्क्रिय कर दिया। अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। इससे भारत में फैली घबराहट का अंदाजा इसी से लगता है कि भारत के दवा निर्यातकों ने सरकार से अमेरिकी दवाओं पर आयात शुल्क कर देने की मांग की है, ताकि जैसे को तैसा' टैरिफ के असर से वे बच जाएं। मगर यह फैसला आसान नहीं है। नई अमेरिकी टैरिफ से विभिन्न उत्पाद प्रभावित होंगे, तो क्या सब पर आयात शुल्क शून्य किया जा सकता है? क्या केंद्र देश के व्यापार लाभ को शून्य करने का जोखिम उठाने की स्थिति में है? वैसे चुनौतियां और भी हैं। मसलन, अमेरिकी तकनीकी एवं वित्तीय सेवा कंपनियों ने भारत डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम के नियमों के तहत डेटा को भारत में ही रखने संबंधी प्रावधान को लागू ना करने की मांग की है। क्या भारत सरकार इसे भी मानेगी?

# शतरंज की बिसात पर महेंद्र का हुनर बोलता है

(हेमन्त खुटे-विनायक फीचर्स)

शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति अपने हौसले के दम पर स्वयं में निखार लाकर प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता जाता है ।जहां चाह वहां राह इस वाक्य को चरितार्थ किया है मूकबधिर शतरंज खिलाड़ी महेंद्र पाल ने। शारीरिक असमर्थता और चुनौतियों से भरपूर संघर्ष करने के बावजूद आज उनका मनोबल इतना ऊंचा है कि पंडरिया जैसे छोटे कस्बे से शतरंज की बिसात पर अपना जौहर दिखाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। मैसूर में आयोजित 25 वीं राष्ट्रीय बधिर शतरंज प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु भारतीय टीम में जगह बनाने में शानदार कामयाबी हासिल की है।



**पारिवारिक पृष्ठभूमि**

महेंद्र के साथ घर पर माता - पिता व भाई - बहन रहते हैं। महेंद्र के दो छोटे - छोटे बच्चे है। पिता जी का गांव में ही एक छोटी सी किराने की दुकान है।जहां महेंद्र दुकान मे बैठकर अपने पिताजी के साथ उनके कामों में हाथ बटाते हैं।

**शतरंज के प्रति रुझान**

महेंद्र पाल जब कक्षा चौथी में पढ़ते थे उसी समय से स्कूल में थोड़ा बहुत शतरंज खेलना सीख लिया था। धीरे - धीरे उनका रुझान इसमें बढ़ता गया । महेंद्र पंडरिया गांव से पांच किलोमीटर दूर तखतपुर शतरंज क्लब में सायकल या फिर किसी से बाइक में लिफ्ट मांग कर आते थे खेलने। शतरंज की बारीकियां इन्होंने तखतपुर के शतरंज क्लब से सीखी । महेंद्र रोजाना 8 से 10 घंटे क्लब में ही अभ्यास किया करते थे ।

**आर्थिक तंगी के बावजूद सफलता के शिखर पर**

40 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी महेंद्र पाल की माली हालत ठीक नहीं है। महेंद्र ने कक्षा 8 वीं तक की पढ़ाई मूकबधिर विद्यालय तिफरा (बिलासपुर) से की है। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं होने के कारण नियमित रूप से पढ़ाई नहीं कर सके। 10 वीं कक्षा की परीक्षा इन्होंने ओपन बोर्ड से उत्तीर्ण की । शहर से बाहर शतरंज खेलने के लिए आने - जाने हेतु उनके पास पैसे नहीं होते थे । उनके खेल को देखकर परिवार वालों ने और दोस्तों ने आर्थिक मदद की और वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल हो सके। महेंद्र ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद शतरंज के प्रति अपनी अभिरुचि को कम होने नही दिया। शतरंज खेल के प्रति उनकी लगन और मेहनत का फल है जिसके चलते आज वे देश - प्रदेश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना पाए हैं।

दिग्गज खिलाड़ियों को दे चुके है मात

शतरंज की बिसात पर महेंद्र के दौड़ते है हाथी और घोड़े। प्यादे की चाल हो या वजीर की। घोड़े की टेढ़ी चाल हो या ऊंट की तिरछी। प्रतिद्वंदी के लिए इनके दांव - पेंच को समझ पाना टेढ़ी खीर है। जब शतरंज की बिसात बिछती है तो अच्छे - अच्छे दिग्गज खिलाड़ी इनकी प्रतिभा के सामने घुटने टेक देते हैं।

शतरंज सम्राट की जादुई बाजी देखने से बढ़ा मानसिक मनोबल

महेंद्र पाल के कोच रामकुमार ठाकुर ने बताया कि स्पर्धा के दौरान एक मैच हार जाने के बाद उनका आत्मबल डगमगा गया था तब मैंने हेमंत खुटे की शतरंज की जादुई बाजी उन्हें बोर्ड पर रात में खेलकर दिखायी थी। जादुई बाजी देखकर वे काफी प्रफुल्लित हुए और प्रतियोगिता की आखिरी बाजी उन्होंने भी जादुई अंदाज में खेलते हुए जीत ली और इस तरह से मैसूर में आयोजित 25 वीं राष्ट्रीय बधिर शतरंज स्पर्धा में चौथा स्थान पाकर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु भारतीय टीम में जगह बनाई।

शतरंज से जुड़ी प्रमुख उपलब्धियां

14 वीं, 15 वीं 16 वीं, 17 वीं ,
18 वीं व 25 वीं ऑल इंडिया डेफ नेशनल चेस चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व।

लगभग 15 से 20 बार राज्य स्तर पर खुली स्पर्धा में भागीदारी ।

1600 की इलो रेटिंग ।

दिव्यांग खिलाड़ी के हुनर से बढ़ा छत्तीसगढ़ का मान - सम्मान

महेंद्र बोल - सुन नहीं सकते इसके बावजूद उनका शतरंज की बिसात पर हुनर कम नहीं है। वह छत्तीसगढ़ के पहले मूकबधिर खिलाड़ी है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

इससे पहले वर्ष 2018 में इंग्लैंड व वर्ष 2019 में इटली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में महेंद्र

# समाप्ति की ओर अग्रसर बसपा

(जोगिंदर पाल जिंदर-विनायक फीचर्स)

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो सुश्री मायावती ने दूसरी बार अपने एक फैसले को दोहरा कर खलबली मचा दी । मामला उत्तराधिकार का है । यह उनका निजी मामला हो सकता है पर होना नहीं चाहिए क्योंकि जब बात 85 प्रतिशत की, की जाती है तब पार्टी कैसे उनकी निजी जागीर हो सकती है । जब चाहें जिसे रख लें और जब चाहें जिसे निकाल दें ? यह कौन-से लोकतंत्र का उदाहरण पेश किया जा रहा है ? सवाल यह भी बनता है आखिर भतीजे अभिषेक ने ऐसा क्या कह दिया जो कांशीराम ने कभी नहीं कहा था ? इसी विचारधारा के कारण ही तो बहुजन समाज पार्टी अस्तित्व में आई थी । पिछले एक दशक से बहुत से ऐसे अवसर आए जहां उन्हें बोलना चाहिए था लेकिन वे चुप रहीं ? जो सरकार की आलोचना भी न कर पाए वह कैसा विपक्षी दल ? इस समय जो भी कट्टर बसपाई है निश्चय ही वह स्वयं को मूर्ख की श्रेणी में समझता होगा । भले ही मुंह से किसी कारणवश कुछ नहीं बोल पाते हो । जितना अपने समर्थकों या भक्तों को मायावती ने निराश किया शायद ही किसी ने किया हो ! कोई भी दल अपने कार्यकर्ताओं के परिश्रम से आगे बढ़ पाता है और कार्यकर्ता में जान फूंकता है वरिष्ठ नेता । जिस दल का नेता ही उत्साहहीन हो वह क्या कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करेगा ? कुछ लोगों का मानना है बसपा एक विचारधारा का नाम है यदि यह सत्य है तो कहना गलत नहीं होगा कि वह विचारधारा मान्यवर कांशीराम के साथ ही मर गयी है । कौन सी विचारधारा की बात करते हैं ? वो भी कैसी विचारधारा जो समय और परिस्थितियों के अनुरूप बदल जाए ! जिस विचारधारा से प्रभावित होकर लोग जुड़े थे वह मर गयी है इसका प्रमाण है चुनाव दर चुनाव बसपा का गिरता हुआ ग्राफ । यदि उस समय उस विचारधारा को बहुजनों ने पसंद किया और बसपा से जुड़े तो वहीं वर्तमान की विचारधारा को नकारते हुए पीछे भी हटते जा रहे हैं । यह एक कटु सत्य है जिसे पार्टी हाई कमान को शीघ्रातिशीघ्र आत्मसात् कर आगे की रणनीति बनानी चाहिए । कहा जाता है कांशीराम ने बाबा साहेब के मिशन और विचारधारा को आगे बढ़ाने पर काम करके डॉ. अंबेडकर को उत्तर भारत मे मशहूर कर दिया । लेकिन बात फिर वहीं आकर टिक जाती है बाबा साहेब संविधान के मुख्य शिल्पी थे,उन्हें यह बात कैसे स्वीकार होती कि उनके अनुयाई कानून से डरते-भागते फिरें ! यह बहन जी द्वारा बाबा साहेब के किस सपने को पूरा किया जा रहा है ? यदि कुछ गलत किया है तो सजा भुगतें, नहीं किया है तो डर किस बात ? क्या कभी बाबा साहेब ने सोचा होगा कि कभी उन्हीं की फसल काटने वाले किसी भी दल का कोई सुप्रीम बनाम तानाशाह बन कर बैठ जाए ! यह कौन-से लोकतंत्र की पहचान है ? समय की मांग यही है उन्हें अपने सभी पदों से त्यागपत्र दे कर लोकतान्त्रिक ढंग से पार्टी का पुनर्गठन करना चाहिए । तभी अस्तित्व बच पाएगा । क्योंकि जिस दल के अंदर ही लोकतंत्र न हो उसका लोक तंत्र में क्या काम ....?

## शब्द सामर्थ्य -355

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 354 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू- दोकू क्र. 355

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.354 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष**

आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किये हुये काम का आज सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक़्क़तों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। महिलायें आज घर की साफ सफाई में व्यस्त रहेंगी।

**वृषभ**

आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग क्लोज रखेंगे तो सफलता जरूर हासिल होगी। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। शाम को बच्चों के साथ खेलने से दिन भर की थकान दूर होगी। छात्रों की शिक्षा उत्तम रहेगी और वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेशगमन कर सकते हैं। लवमेट रिश्ते में नयापन लाने के लिये एक दूसरे को उपहार देंगे।

**मिथुन**

आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। लवमेट आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बातें सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिये आज का दिन अच्छा है। आज किसी कॉलेज से आपको टीचिंग के लिये ऑफर मिलने वाला है।

**कर्क**

आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जाएंगे, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज खर्च में इजाफा बचत को थोडा मुश्किल बना देगा। आज किसी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। विवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिये जायेंगे। आज जीवनसाथी आपको ख़ूबसूरत तोहफा दे सकते है।

**सिंह**

आज का दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगे तो आपको जरूर फायदा होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। आज का दिन समझ-बूझ के क़दम उठाने का है, इसलिए तब तक अपने विचार व्यक्त न करें जब तक आवश्यकता न हो।

**कन्या**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी के दिलों को अपनी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकते है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें, गाड़ी के जरुरी कागजात भी साथ रखें।

**तुला**

आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पयर्टन से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नकामयाब कोशिश कर सकता है। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक**

आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी। नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रमोशन हो सकता है। इस राशि के विवाहित आज किसी धार्मिक समारोह में जायेंगें। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। घर से दूर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज बड़ी सफलता मिलने वाली है।

**धनु**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें, वरना आपका अधिक समय फीजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें। इससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी। आज आप पूरे परिवार के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने जायेंगे। सभी लोग आपसे प्रसन्न रहेंगें। कुल मिलाकर आज का दिन आपके अच्छा रहने वाला है।

**मकर**

आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा मामला आज सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। शिक्षकों के लिये आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, मन पसंद जगह पर ट्रांसफर होगा।

**कुंभ**


आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धन लाभ होगा, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। सेहत सम्बन्धी समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। नये कार्यों को शुरू करने से पहले बड़ों की सलाह लेना अच्छा रहेगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित कर लेंगे। रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। नवविवाहित आज जीवनसाथी की बात मानेंगे तो रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे।

# संवाद का सशक्त माध्यम है पदयात्रा

(रमेश चंद शर्मा-विनायक फीचर्स)



यात्रा के विभिन्न प्रकार है। पैदल, कांवड़, गधा, घोड़ा, ऊंट, हाथी, याक, बैल, भैंसा, कुत्ता गाड़ी, बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, तांगा, रथ, नाव, जहाज, साईकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, जीप, कार,बस, हवाई जहाज, हवाई यानसे लेकर अब रॉकेट भी। इनमें पैदल यात्रा का विशेष स्थान और महत्व रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम से लेकर गांधी, विनोबा, जयप्रकाश, तक पदयात्राओं का अच्छा खासा चलन रहा है। भारतीय दर्शन, संस्कृति और परम्परा हमेशा सर्व समावेशक रही है। यहाँ खण्ड का नहीं पूर्ण का चिंतन हुआ है। वसुधैव कुटुम्बकम का उद्घोष भारत भूमि से ही हुआ है। हमारा ध्येयवाक्य "अनेकता में एकता÷ का रहा है। "सत्यमेव जयते", "जय जगत", "सबै भूमि गोपाल की", "सत्याग्रह", "जन शक्ति" ने दिशा निर्देश दिया है।

पदयात्रा बहुत ही पुरातन काल से एक सशक्त माध्यम रहा है। जब पहिया, चक्कर मानव जीवन में नहीं आया था, उससे भी बहुत पहले से पदयात्रा अस्तित्व में थी। एक जगह से दूसरी जगह आने-जाने के लिए पदयात्रा ही एकमात्र साधन था। धीरे-धीरे पशु, पहिया, यंत्र वो भी गति बढ़ाते हुए इंसान के हाथ लगता रहा और तेज से तेज गति के साधन, यंत्र, उपकरण तैयार किए जाने लगे। औद्योगिक क्रांति ने केन्द्रित उत्पादन, एक साथ अधिक उत्पादन के द्वारा एक ऐसा बाजार, मंडी खड़ी की जिसमें इंसान भी एक साधन, वस्तु के रूप में देखा जाने लगा। श्रम और श्रमिकों का राज्य और पूंजी ने मिलकर खुलेतौर पर शोषण किया। श्रम एक शक्ति न रहकर शोषित, कमजोर वर्ग के कार्य के रूप में देखा जाने लगी। आदमी के स्थान पर मशीन, यंत्र कब्जा करने लगे। असीम विकास की राह मानव ने अंधी दौड़ के रूप में धारण की। इससे केन्द्रीयकरण का रास्ता खुला। साधन जो प्राकृतिक रूप से सबके लिए सहजता से उपलब्ध थे। वे राज्य सरकार, सत्ता, बड़े व्यापारियों के हाथों तक सीमित होते-होते, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक के कब्जे में आने लगे। गरीब-अमीर, छोटे-बड़े का अंतर थोड़ा बढ़ा ही नहीं बल्कि असमानता की खाई असहनीय हो गई। लोगों, समुदाय, समाज के हाथ से साधन फिसलने लगे। हालात ऐसे बने कि एक ओर कुछ नहीं तो दूसरी ओर साधन, संपत्ति के अपार भंडार बन गए। आज दुनिया में एक ऐसा माहौल बनाया जा रहा है जिससे परस्पर संकीर्णता, असहिष्णुता, अलगाव, विद्वेष, भय, भेद, शोषण, लूट, हिंसा, आतंक, युद्ध, नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। इंसान से ज्यादा महत्वपूर्ण बाजार, विज्ञापन, उत्पाद, पैसा होता जा रहा है। दुनिया में हिंसा का श्राप, पैसे का पाप, धरती का ताप बढ़ रहा है। इस श्राप, पाप, ताप से बचने के लिए हमें प्रकृति की ओर लौटना होगा। ग्राम संस्कृति, खेती, पशुपालन, घरेलू उद्योग, ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग, लघु उद्योग की राह आशा की किरण के रूप में जुगनू की तरह टिमटिमाती नजर आ रही है। उपरोक्त परिस्थिति में विनोबा जी का यह विश्लेषण दिशा-दर्शक है।÷विश्व की भिन्न-भिन्न जमातों को अपने मे समा लेने वाला भारत एक अद्भुत देश है। इस देश ने अपने हजारों वर्षो के इतिहास में कभी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया। बल्कि बाहर से आने वालों शकों, हूणों, पारसियों, मुसलमानों, यहूदियों, ईसाईयों आदि सबका स्वागत ही किया। इसलिए रवीन्द्रनाथ ने भारत को महामानव-सागर कहा है। प्रेम के बिना सबको समा लेने की कला घटित नहीं हो सकती। इस भारत-भूमि में सबको प्राप्त प्रेम के कारण यह हमारा घर है, ऐसा सबको लगा। कभी-कभी दो जमातें एकत्र होती है तो आपस में कुछ संघर्ष भी होता है,परन्तु अंत मे शुद्ध प्रेम ही कायम रहता है। वह प्रेम ही भारत का आधार है। भारत मे एक मिश्र(मिली-जुली) संस्कृति का निर्माण हुआ है। मुस्लिम, क्रिश्चियन, पारसी, यहूदी, जैन, बौद्ध आदि संस्कृतियों का योगदान स्वीकार करके भारत की संस्कृति सम्पन्न(समृद्ध) हुई है। संसार के किसी भी भाग से आये हुए अच्छे विचारों को अपने मे समाहित कर उसे अपना ही रूप देना, भारत की विशेषता रही है। पद यात्रा की प्रासंगिकता, आवश्यकता, कदम को जानने, समझने, पहचानने के लिए उपरोक्त भूमिका को अपने दृष्टिकोण में रखना महत्वपूर्ण, उपयोगी साबित होगा। पदयात्रा एक सशक्त संदेश प्रदान करती है। सत्य, शांति, अहिंसा, प्रेम, करुणा, समता, समानता और सद्भावना का संदेश देते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचती है।

संसार के प्रारंभ से ही मानव के वजूद के साथ ही पदयात्रा की प्रक्रिया शुरू हुई। यात्रा के रूप, प्रकार, उद्देश्य,भाव, विचार, संदेश चाहे बदलते रहे। यात्रा भोजन, भजन, खोज, दर्शन, समझ, जानकारी, भ्रमण, मस्ती, आंनद, शिक्षा, संपर्क, संवाद, संदेश, स्वास्थ्य, एकांत, तलाश, साधना, जन जागरण, दबाव, बदलाव, व्यापार, प्रचार-प्रसार, विस्तार, शांति, युद्ध आदि के लिए भी होती रही है।

धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, सांगठनिक, आर्थिक, राजनैतिक, दार्शनिक यात्राओं की श्रृंखला दुनिया में जारी रही है। यात्राओं ने समझने-पहचानने, जानने-देखने, प्रचार-प्रसार, आदान-प्रदान, खुशी-तबाही, लाभ-लूट, विकास-विनाश, विस्तार, विसर्जन, खोजने-तलाशने के अनेक अवसर प्रदान किए। समाज के निर्माण, विकास, ज्ञानवर्धन, फैलाव में यात्राओं का बड़ा योगदान रहा है। साहित्य निर्माण में भी यात्राओं का विशेष महत्व रहा है। यात्रा वृत्तांत पर व्यापक साहित्य लिखा गया है। जिससे साहित्य जगत को समृद्ध बनाने में मदद मिली। एक ओर सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए तो दूसरी ओर बुराई, लूट, रोग, संहार, विनाश, युद्ध जैसे नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिले। गांधी, विनोबा की कुछ यात्राओं ने तो अपनी ओर सारे विश्व का ध्यान आकर्षित किया था। गांधी जी की दक्षिण अफ्रीका की ट्रांसवाल यात्रा, नमक सत्याग्रह की दांडी यात्रा, नौआखाली की शांति यात्रा, संत विनोबा भावे की भूदान यात्रा, दिल्ली पैकिंग यात्रा (जिसे उत्तर पूर्व से आगे जाने नहीं दिया गया), ईपी मेनन, सतीश कुमार की बगैर पैसे के विश्व भ्रमण की यात्रा, पवनार की बहनों द्वारा की गई यात्रा आदि अनेक यात्राओं की चर्चा की जा सकती है। यात्राओं की एक लम्बी सूची है। यात्राओं ने जन मानस में अमिट छाप छोड़ी है। यात्रा प्रेरणा की स्रोत है। यात्राओं ने जन जन के साथ देश और दुनिया में हलचल पैदा की है। सोचने-समझने- विचारने का अवसर प्रदान किया है। विश्व के सामने अहिंसा, करुणा, प्रेम सत्याग्रह का संदेश पहुंचाया है। मानवीय मूल्यों, सरोकारों की आवाज बुलंद की है। अंतिम व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण जगाई है। राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक संवाद पहुंचाया है। साधारण लोगों को जागरूकता प्रदान कर, जुबान को आवाज दी है। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का लोगों को अवसर दिया है। चलते पांवों से जो शक्ति, ऊर्जा पैदा होती है, जो संगीत निकलता है, जो ध्वनि प्रज्जवलित होती है, जो आत्मशक्ति उत्पन्न होती है, उसने अंहकारी, निरंकुश सत्ता को भी सोचने समझने के लिए झकझोरने का काम किया है। कुछ कदम उठाने के लिए दबाव बनाया है। प्रेम की शक्ति को प्रकट किया है। आम जन में विश्वास जमाया है। सिद्ध किया है कि प्रेम की सामूहिक शक्ति से बदलाव संभव है। भूदान यात्रा के दौरान जिस प्रेम, त्याग, श्रृद्धा, भक्ति भाव, निष्ठा से लोगों ने संत विनोबा भावे को अपनी जमीन से निकालकर जो अंशदान दिया। वह एक शानदार इतिहास है। मांगने से जमीन जायदाद भी मिल जाती है। यह प्रमाणित करता है कि प्रेम, सहयोग, सहकार, बांटने की चाह मानव का सहज स्वभाव है। यह अलग बात है कि आजकल के माहौल, वातावरण, अंधी दौड़ के कारण सुप्तावस्था में चला गया है, या पहुंचा दिया गया है। उसे फिर से जागृत करने की आवश्यकता है। लोगों के दिलों दिमाग को छूने, उन तक पहुंचने की आवश्यकता है। भूदान के प्रसंगों, घटनाओं, प्रयासों, किस्सों को देखें, पढ़ें, सुनें, समझें तो आज भी प्रेरणा मिलती है। ऊर्जा प्राप्त होती है। उत्साहवर्धन होता है। समाज का सही एवं सकारात्मक रूप प्रकट होता है। ऐसे भी उदाहरण है कि जिसके खुद के पास निमित्त मात्र की जमीन है, जिसमें उसके परिवार का गुजारा, पालन-पोषण भी ठीक से नहीं होता है। फिर भी वह आग्रहपूर्वक अपनी जमीन से एक टुकड़ा भूदान में बाबा के चरणों में समर्पित करता है, यह कहकर कि मुझे भी इस यज्ञ में आहुति देनी है।

# पुलिस महानिदेशक ने मऊगंज की घटना में मृतक रज्जन दुबे के परिजनों से की भेंट

## पुलिस महानिदेशक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

**रीवा,कास.।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने मऊगंज जिले के गड़रा गांव पहुंचकर दुखद घटना में मृतक रज्जन दुबे के परिजनों से भेंट की तथा उन्हें ढाढस बंधाया। पुलिस महानिदेशक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटना में शामिल आरोपियों को तत्परता से पकड़कर कठोर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी जिससे ऐसी स्थिति निर्मित हुई। शांति व्यवस्था बनाने के सभी प्रयास किए गए। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल



तैनात है तथा गांव में शांति का माहौल है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कुछ आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई है। शेष को शीघ्र ही गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने घटना में एएसआई रामचरण गौतम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया तथा कहा कि पुलिस अपना कार्य पूरी मुस्तैदी से कर रही है। इस दौरान एडीजी इंटेलीजेंस अनिल कुमार, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक मऊगंज रसना ठाकुर सहित प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी बैठक आज

**रीवा,कास.।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

इसकी तैयारी बैठक 17 मार्च को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी देंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## मऊगंज की घटना में मृतक रज्जन दुबे के अंतिम संस्कार में शामिल हुए प्रभारी मंत्री



**रीवा,कास.।** मऊगंज जिले के शाहपुर थानान्तर्गत गड़रा गांव में गत दिवस हुई घटना में मृतक रज्जन दुबे का आज अंतिम संस्कार किया गया। मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन सिंह पटेल अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा कहा कि आरोपियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आरोपी व्यक्तियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर, एसडीएम कमलेश पुरी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने मृतक एएसआई रामचरण गौतम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**रीवा,कास.।** मऊगंज जिले की दुखद घटना में एएसआई रामचरण गौतम का आकस्मिक निधन हो गया। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर मृतक एएसआई रामचरण गौतम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा उनके पार्थिव शरीर को ससम्मान सतना जिले के गुलुआ पवैया गांव के लिए रवाना किया। श्री जामोद ने कहा कि मऊगंज में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कर्त्तव्य निर्वहन के दौरान एएसआई (एसएएफ) श्री गौतम की आकस्मिक मृत्यु अत्यंत कष्टप्रद है।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गति देने व शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने भी श्री गौतम को श्रद्धांजलि दी।

## मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री ने मऊगंज जिले की घटना के घायलों का जाना हालचाल



**रीवा,कास.।** गत दिवस मऊगंज जिले के गड़रा गांव में हुई घटना में घायल हुए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों का संजय गांधी अस्पताल में इलाज जारी है। मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन सिंह पटेल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य के विषय में डॉक्टरों से जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि घायलों के इलाज की यथा योग्य समुचित व्यवस्था करें। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव घटना पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं तथा सतत संपर्क में हैं। यह बहुत ही दुखद घटना हुई है। शासन व प्रशासन स्तर पर स्थिति को सामान्य बनाने के सभी प्रयास किए गए हैं। इस दौरान विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल उपस्थित रहे।



## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

**रीवा,कास.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के गुरुग्राम, जमालपुर स्थित निवास पहुंचे। उन्होंने श्री यादव के पिता, स्वर्गीय श्री कदम सिंह जी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## कमिश्नर ने घटना में घायल अधिकारियों-कर्मचारियों का अस्पताल पहुंचकर जाना हालचाल

### कमिश्नर ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

**रीवा,कास.।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने मऊगंज जिले के गड़रा गांव में हुई घटना में घायल अधिकारियों एवं पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों का संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने घटना में घायल तहसीलदार श्री पनिका, थाना प्रभारी श्री भारती, एएसआई एवं घायल पुलिस के जवान के इलाज के बारे में चिकित्सकों से पूछताछ की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि घायलों का समुचित उपचार किया जाए। कमिश्नर ने मऊगंज जिले के शाहपुर थानान्तर्गत गड़रा गांव पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा आश्वस्त किया कि आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कमिश्नर ने कहा कि गड़रा गांव में स्थिति सामान्य है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस दौरान डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



खेल/व्यापार

## समाचार

### पैन की तरह अब वोटर आईडी भी होगी आधार से लिंक, चुनाव आयोग ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से वोटर आईडी को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया अब गति पकड़ सकती है। पैन कार्ड की तर्ज पर मतदाता पहचान पत्र को भी आधार से लिंक करने की योजना पर चुनाव आयोग गंभीरता से विचार कर रहा है। इस संबंध में अगले हफ्ते चुनाव आयोग एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने जा रहा है, जिसमें गृह मंत्रालय, कानून मंत्रालय और आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई के उच्च अधिकारी हिस्सा लेंगे। इस पहल का मुख्य लक्ष्य मतदाता सूची से फर्जी और डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान कर उन्हें हटाना है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में 2021 में हुए संशोधन के बाद चुनाव आयोग ने मतदाताओं से स्वेच्छा से आधार नंबर एकत्र करना शुरू कर दिया था। हालांकि, अभी तक चुनाव आयोग ने आधार और मतदाता पहचान पत्र के डेटाबेस को आपस में नहीं जोड़ा है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना और डुप्लीकेट वोटर पंजीकरण को पहचानना था, लेकिन आधार को लिंक करना अभी तक अनिवार्य नहीं किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर आगामी 18 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, विधायी विभाग के सचिव राजीव मणि और यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार के साथ विचार-विमर्श करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल समेत कुछ राज्यों में एक ही श्क्क्ष्ट नंबर वाले मतदाताओं का मुद्दा उठाया है। इस पर चुनाव आयोग ने स्वीकार किया है कि कुछ राज्यों में गलत अल्फान्यूमेरिक सीरीज के कारण एक ही नंबर दोबारा जारी हो गए थे। चुनाव आयोग ने हाल ही में यह भी घोषणा की थी कि जिन मतदाताओं को डुप्लीकेट श्क्क्ष्ट नंबर जारी किए गए हैं, उन्हें अगले तीन महीनों के भीतर नए नंबर प्रदान किए जाएंगे। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि एक ही श्क्क्ष्ट नंबर होने का मतलब यह नहीं है कि मतदाता फर्जी हैं, बल्कि प्रत्येक मतदाता केवल उसी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान कर सकता है जहां वह पंजीकृत है।

### अटकलों पर न दें ध्यान, मजबूत बना रहेगा बैंक',आरबीआई ने इस बैंक के ग्राहकों को दिलाया भरोसा

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंडसइंड बैंक को लेकर पिछले कुछ दिनों से जारी अनिश्चितताओं के बीच बैंक के ग्राहकों को उसकी वित्तीय स्थिति के बारे में आश्वस्त किया है। केंद्रीय बैंक ने पुष्टि की कि इंडसइंड बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और जमाकर्ताओं के लिए चिंता की कोई बात नहीं है। केंद्रीय बैंक ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, इस समय जमाकर्ताओं को अटकलों पर प्रतिक्रिया करने की कोई जरूरत नहीं है। उसने कहा कि बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर बनी हुई है और रिजर्व बैंक इस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। आरबीआई के अनुसार, 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में इंडसइंड बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.46 प्रतिशत और प्रोविजन कवरेज अनुपात (पीएआर) 70.20 प्रतिशत दर्ज किया गया। बैंक ने 9 मार्च 2025 तक 113 प्रतिशत का तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) भी बनाए रखा, जो 100 प्रतिशत की नियामक जरूरत से काफी ऊपर है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि ये आंकड़े संकेत देते हैं कि बैंक अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए वित्तीय रूप से मजबूत है। आरबीआई ने आगे कहा कि इंडसइंड बैंक ने अपने सिस्टम की समीक्षा करने और हाल के घटनाक्रमों के प्रभावों का आकलन करने के लिए एक बाहरी ऑडिट टीम को नियुक्त किया है। बैंक के बोर्ड और प्रबंधन को चालू तिमाही (वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही) के भीतर सुधार से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने और हितधारकों को उचित खुलासे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## मुझे नहीं लगता कि दिल्ली की टीम पर कोई मानसिक अवरोध है : डीसी कोच बैटी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** ब्रेबोर्न स्टेडियम में 2025 के फाइनल में मुंबई इंडियंस से आठ रन से हारने के बाद लगातार तीसरी बार दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में उपविजेता रही। लीग चरण में तालिका में शीर्ष पर रहने के बावजूद खिताबी मुकाबले में एक और दिल टूटने के बाद मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने अपनी टीम का बचाव करते हुए मेग लैनिंग की अगुआई वाली टीम में मानसिक अवरोध की बातों को खारिज कर दिया।

बैटी ने कहा, लड़कियां वास्तव में सकारात्मक रही हैं, मैं उन्हें दोष नहीं दे सकता। कोई भी नकारात्मक बात नहीं हुई जैसे कि ओह हमने पिछले दो फाइनल में गड़बड़ कर दी है, हम इस बार भी यही बोझ उठाने जा रहे हैं, ऐसा कुछ भी नहीं। मुझे लगा कि वे वास्तव में सकारात्मक थीं, वास्तव में आत्मविश्वास से भरी हुई थीं। लड़कियां शानदार रही हैं, उन्होंने शानदार प्रशिक्षण लिया है।

मुझे नहीं लगता कि यह बिल्कुल भी मानसिक अवरोध है। आप देखें कि हमने पहले हाफ में गेंद और फील्डिंग के साथ कैसा प्रदर्शन किया और उन्हें उस विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। आप



देखें कि पूरे सप्ताह में क्या हुआ, एलिमिनेटर और यहां के अन्य मैचों में, हम उम्मीद कर रहे थे कि शायद 180 के बराबर स्कोर होगा, इसलिए हम इससे वास्तव में प्रसन्न थे।

बैटी ने कहा, खिलाड़ी इसके लिए तैयार थे, वे ठीक थे और मुझे लगता है कि किसी भी तरह की मानसिक रुकावट नहीं थी। लेकिन इसका पूरा श्रेय विपक्ष को जाता है, उन्होंने हमें मात दी और वे मैच जीतने के हकदार थे। 150 रनों का पीछा करते हुए, आप उम्मीद करते हैं कि बल्लेबाजी इकाई सकारात्मक, आक्रामक क्रिकेट खेलेगी, और आपको दस में से नौ बार उस मैच को जीतना चाहिए - मुझे लगता है कि उस विकेट पर 180 रन का स्कोर बराबर था। मुंबई इंडियंस को पूरा श्रेय जाता है, उन्होंने हमें कभी भी रन रेट से आगे नहीं बढ़ने दिया।

फाइनल में, मारिजान काप, जेस जोनासन और युवा बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरनी की अनुभवी जोड़ी ने दो-दो विकेट चटकाए और मुंबई को 20 ओवर में 149/7 पर रोक दिया, हालांकि उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर को 66 रन बनाने दिए। लेकिन 150 के लक्ष्य का पीछा करते हुए, मारिजान के 40 और जेमिमाह रोड्रिग्स के 30 और निकी प्रसाद के नाबाद 25 रन को छोड़कर, दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज मौके पर खरा नहीं उतर सका और आखिरकार उन्होंने अपने 20 ओवर में 141/9 रन बनाए। फाइनल में, मारिजान काप, जेस जोनासन और युवा बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरनी की अनुभवी जोड़ी ने दो-दो विकेट चटकाए और मुंबई को 20 ओवर में 149/7 पर रोक दिया, हालांकि उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर को 66 रन बनाने दिए।

## अंबाती रायडू ने चुनी मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन, सिर्फ 3 विदेशी खिलाड़ियों को किया शामिल

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने आईपीएल 2025 के लिए मुंबई इंडियंस की संभावित प्लेइंग इलेवन का चुनाव किया है। रायडू ने मुंबई की प्लेइंग इलेवन में सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही चुना है उन्हें भरोसा है कि बाकी 8 भारतीय खिलाड़ी इस टीम की नैय्या पार लगा सकते हैं। रायडू ने अपनी प्लेइंग इलेवन के बारे में बताया। मुंबई के ओपनर्स के रूप में रायडू ने रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन को चुना है। जबकि नंबर तीन, चार और पांच के लिए उन्होंने तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या को चुना है। नंबर 6 पर उन्होंने युवा नमन धीर पर भरोसा जताया है जबकि नंबर सात के लिए उनकी पसंद न्यूजीलैंड के लिमिटेड ओवर्स कप्तान मिचेल सैंटनर हैं। इसके बाद उन्होंने तीन तेज़ गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को चुना है। जबकि



11वें प्लेयर और इम्पैक्ट प्लेयर के लिए उन्होंने कंडीशंस के हिसाब से प्लेयर का चुनाव करने की सलाह दी। खैर, ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई की टीम मैनेजमेंट भी रायडू द्वारा चुनी गई प्लेइंग इलेवन के साथ जाती है या वो कुछ अन्य प्लेयर्स पर भरोसा जताते हैं। इससे पहले रायडू ने चेन्नई सुपर किंग्स की संभावित प्लेइंग इलेवन का चुनाव भी किया। आपको बता दें कि उन्होंने सीएसके की इलेवन में 5 ऑलराउंडर और दो विकेटकीपर शामिल किए हैं जिसमें 43 वर्षीय छ्य्ष्ट्य के स्टार और अनुभवी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी भी शामिल हैं। दरअसल, अंबाती रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत करते हुए सीएसके की संभावित प्लेइंग इलेवन चुनाव किया।

## भारत 2028 तक बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जो जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। यह दावा वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, जिससे भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह असाधारण वृद्धि संयोग नहीं, बल्कि वर्षों की दूरदृष्टि और साहसिक आर्थिक सुधारों का परिणाम है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली, तब उन्होंने देश के कायाकल्प के लिए एक मजबूत दिशा तय की थी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने औद्योगिक नवाचार की एक लहर को जन्म दिया, जिसने गांवों को विनिर्माण केंद्र और शहरों को समृद्ध आर्थिक केंद्रों में बदल दिया। इन पहलों से न केवल उद्योगों में वृद्धि हुई, बल्कि भारत को एक डिजिटल महाशक्ति बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। भारत में होने वाली विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं ने न केवल देश का रूप बदला, बल्कि वैश्विक निवेशकों को भी आकर्षित किया। डिजिटल क्रांति के कारण लाखों लोगों को जोड़ने के साथ-साथ कई बड़े सुधारों ने भारत को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाया। भारत की यह वृद्धि 1.4 बिलियन लोगों की आकांक्षाओं का वास्तविक रूप है। इस प्रगति का मुख्य कारण देश के युवा और महत्वाकांक्षी कार्यबल है, जो हर दिन नए-नए मील के पत्थर पार कर रही है। भारत के आर्थिक सुधारों में कर सुधारों से लेकर वित्तीय समावेशन, नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तक, हर पहलू में देश ने अनुकूल परिवर्तन किए हैं।

## हरमनप्रीत की पारी हमारे लिए निर्णायक साबित हुई : एमआई कोच एडवर्ड्स

**मुंबई ,एजेंसी।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आठ रनों से हराया। इस जीत के बाद एमआई की मुख्य कोच शार्लेट एडवर्ड्स ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की 66 रनों की शानदार पारी को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। मुकाबले में हरमनप्रीत ने घुटने की परेशानी के बावजूद बेहतरीन शॉट खेले और शानदार 66 रन बनाए। उन्होंने 44 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। हालांकि एमआई की शुरुआत धीमी रही और पहले छह ओवर में सिर्फ 20 रन बने, लेकिन इसके बाद टीम ने संभलकर 149/7 का स्कोर खड़ा किया। एमआई के गेंदबाजों ने इस लक्ष्य को बचाने में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें नैट साइवर ब्रंट ने तीन विकेट चटकाए और डीसी को 141/9 तक सीमित कर दिया। शार्लेट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा, हम जानते थे कि इस मैदान पर पहले छह ओवरों में बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा, लेकिन बाद में हम वापसी कर सकते हैं। उन्होंने हरमनप्रीत की पारी की तारीफ करते हुए कहा, जब वह अपनी बेहतरीन लय में होती हैं, तो वह दुनिया की सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बन जाती हैं। निश्चित तौर पर वह दूसरा खिताब जीतना चाहती थीं और उसके लिए उन्होंने अपने पारी में वह सब कुछ किया। इस मैदान पर पहले छह ओवर मुश्किल होते हैं, तो मुझे लगता है हरमनप्रीत ने हालातों को बहुत अच्छे से समझा। वह जानती थीं किस गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक होना है और यह एक निर्णायक पारी थी जिसने हमें गेम में आगे कर दिया। डीसी के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने भी हरमनप्रीत की इस पारी को सराहा और कहा कि उन्होंने एमआई को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई।

# सहरिया क्रांति का फाग उत्सव, ढोलक की थाप पर झूमकर नाचे आदिवासी, जमकर उड़ा रंग-गुलाल

## राई के आयोजन में लिया कई गांवों ने भाग




**शिवपुरी ब्यूरो।** सहरिया क्रांति का फाग उत्सव होली के अगले दिन सहरिया क्रांति संयोजक संजय बेचैन के निवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सहरिया आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और रंग-गुलाल उड़ा कर उत्सव की खुशियां मनाईं। पूरे माहौल में पारंपरिक धुनों की गूंज रही, और हर ओर रंगों की छटा बिखर गई। सहरिया क्रांति द्वारा आयोजित इस फाग उत्सव में शिवपुरी, करेरा, पोहरी, बदरवास, पनिहार, मुरैना, श्योपुर और ग्वालियर से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग पहुंचे। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार उत्सव को मनाते हुए राई नृत्य का भी आयोजन किया। ढोलक की थाप और मांदल की धुन पर पुरुष और महिलाएं उत्साह से झूमते रहे। लोकगीतों की गूंज से पूरा वातावरण संगीतमय हो गया। सहरिया क्रांति के विजय भाई आदिवासी, कल्याण आदिवासी, औतार भाई सहरिया, भदौरिया आदिवासी, कारु आदिवासी, मोहरसिंह आदिवासी, गणेश आदिवासी, नीलेश आदिवासी, शिशुपाल आदिवासी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने इस उत्सव में भाग लिया और सभी ग्रामीण भाइयों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। संयोजक संजय बेचैन ने अपने संबोधन में कहा कि यह उत्सव केवल रंगों का नहीं, बल्कि सहरिया समाज की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमारी परंपराएं जीवंत रहती हैं और समाज में भाईचारे की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर बुजुर्गों ने भी अपने अनुभव साझा किए और युवाओं को समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने की प्रेरणा दी। उपस्थित लोगों ने मिलकर सामूहिक भोज का आनंद लिया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। फाग उत्सव के दौरान बच्चों और युवाओं ने विशेष रूप से होली के पारंपरिक गीत गाए, जिसमें फाग खेलन आए बनवारी...' जैसे लोकप्रिय लोकगीत शामिल थे। महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं, उन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीत गाए और समूह में नृत्य किया। इस आयोजन से आदिवासी समाज में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी इस परंपरा को और भव्य रूप से मनाया जाएगा।

# कपड़ा व्यापारी की दुकान से कर्मचारियों ने चुराए 15 दिन में डेढ़ लाख के कपड़े-जूते

## बीमार पड़ने पर कारोबारी ने दी थी जिम्मेदारी, मालिक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई




**शिवपुरी ब्यूरो।** कोतवाली थानान्तर्गत न्यूब्लॉक में एक कपड़ा व्यापारी के दुकान स्टार कलेक्शन से उसके कर्मचारी ने लाखों रुपए के कपड़े और जूते चुरा लिए। घटना 2 से 15 फरवरी के बीच की है, जब दुकान मालिक हरिओम खटीक बीमारी के कारण अस्वस्थ थे और उन्होंने अपनी दुकान की जिम्मेदारी अपने कर्मचारी सौरभ रजक को सौंपी थी। इस दौरान सौरभ ने दुकान से करीब 70-80 जोड़ी कपड़े और जूते चुरा लिए, जिनकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। जब हरिओम खटीक ने स्वस्थ होने के बाद दुकान का हिसाब मांगा, तो सौरभ कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद, सौरभ ने दुकान आना भी बंद कर दिया और बाद में यह खुलासा हुआ कि उसने चोरी किए गए माल को अपने घर से बेचने शुरू कर दिए थे। कई ग्राहकों ने इस बात की पुष्टि की है कि सौरभ अपने घर से ही चोरी किए गए सामान को बेच रहा था। इनमें केतन शाक्य, सनी रजक, देवू शिवहरे, राहुल खटीक और अर्पित जाटव शामिल हैं, जिन्होंने बताया कि सौरभ घर से माल बेच रहा था। दुकान मालिक ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है, और पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जल्द ही इस चोरी के मामले में आरोपी सौरभ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

# बिजली कंपनियों में रिक्त 2573 पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 20 मार्च से

**शिवपुरी ब्यूरो।** ऊर्जा विभाग के अधीन तीनों बिजली वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 2573 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा कार्यक्रम 20 से 30 मार्च तक घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सागर में होगी।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि इन भर्तियों से बिजली वितरण, जनरेशन, ट्रांसमिशन कार्यों के अलावा कार्यालयीन व्यवस्थाओं में काफी आसानी होगी। ऊर्जा विभाग में भर्ती के लिए नोडल कंपनी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लॉ असिस्टेंट, असिस्टेंट लॉ ऑफिसर के लिए परीक्षा 20 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे, स्टोर असिस्टेंट, ड्रेसर, फायर मैन, जूनियर स्टेनोग्राफर, सिक्योरिटी गार्ड के लिए दोपहर 1 से 3 और जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल प्लांट के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। ऑफिस असिस्टेंट ग्रेड 3 के लिए 21 मार्च को तीन सत्रों में सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक, जूनियर इंजीनियर सिविल के लिए 22 मार्च सुबह 9 से 11, प्लांट असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल दोपहर 1 से 3, प्लांट असिस्टेंट मैकेनिकल शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। इसी तरह असिस्टेंट मैनेजर एचआर, सिक्योरिटी सब इंस्पेक्टर के लिए 23 मार्च सुबह 9 से 11, असिस्टेंट मैनेजर आईटी, सिविल अटेंडेंट व रेडियोग्राफर के लिए दोपहर 1 से 3, लेब टेक्निशियन के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। प्रबंध निदेशक ने बताया कि ईसीजी टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, पब्लिसिटी ऑफिसर के लिए 24 को 9 से 11, एएनएम, स्टॉफ नर्स, प्रोग्रामर, वेलफेयर असिस्टेंट के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक, जूनियर इंजीनियर इलेक्ट्रॉनिक्स (प्लांट) के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। लाइन अटेंडेंट के लिए 26 से 29 मार्च 4 दिन सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। इसी तरह जूनियर इंजीनियर डिस्ट्रिब्यूशन, ट्रांसमिशन, प्लांट, इलेक्ट्रिकल के लिए 30 मार्च को सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। प्रबंध निदेशक ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए करीब सवा लाख युवाओं ने एमपी ऑन लाइन के माध्यम से ऑनलाइन फार्म जमा कराए थे। प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने अभ्यर्थियों से ऑन लाइन माध्यम से प्रवेश पत्र लाउनलोड कर प्रवेश पत्र में लिखे नियम, शर्तों के अनुरूप तय समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने का अनुरोध किया है।

# होली के बाद मौसम ने बदली करवट, पारा पहुंचा 33 के पार



**शिवपुरी ब्यूरो।** होली के बाद शिवपुरी जिले का तापमान बढ़ता नज़र आ रहा है। शनिवार-रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री के पार चला गया था। आम तौर पर मार्च के माह में इतना तापमान नहीं जाता है। लेकिन मौसम की इस स्थिति को देखते हुए लगता है कि इस बार गर्मी का कहर शिवपुरी जिले के लोगो को झेलना पड़ेगा। इस सीजन में पहली बार तापमान 33 के पार पहुंचा। मार्च के शुरुआती दिनों में तापमान नीचे गया, फिर धीरे-धीरे ऊपर आया। इसी के साथ विक्रम संवत के आखिरी महीने मार्च का पखवाड़ा पूरा हो गया है। पखवाड़े के आखिरी चार दिनों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री के पर दर्ज किया गया है। न्यूनतम भी लगाकर चार दिनों से 20 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। इस कारण मौसम में परिवर्तन भी साफ नजर आ रहा है। शिवपुरी शहर में शनिवार रविवार को अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री व न्यूनतम 21.3 डिग्री सेल्सियस रहा। होलिका दहन का दिन छोड़ दें तो आखिरी के दो दिन और बाद के दो दिन अधिकतम तापमान 33 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं 12 मार्च से न्यूनतम तापमान भी 20 डिग्री से ऊपर दर्ज किया हैं। शुक्रवार को न्यूनतम पारा 21 डिग्री पहुंच गया और अब शनिवार को 21.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस समय उत्तर-पश्चिमी हवा चल रही है। जिसके चलते लोग गर्मी का अहसास कर रहे हैं। हालांकि अब एक और नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। इसके असर से 18 मार्च तक हल्के बादल छाएंगे और कहीं-कहीं बूंदाबांदी के भी आसार बताए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार मार्च के आखिरी सप्ताह या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में लू चलने की आशंका है। साथ ही अधिकतम तापमान भी 40 डिग्री के ऊपर पहुंचने के आसार है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार गर्मी ज्यादा पड़ेगी।

### एसी, कूलर जल्द ही होंगे चालू

यही स्थिति रही तो इस माह के अंत तक लोगों को कूलर पानी के साथ चलाने पड़ेंगे। लोगों ने अपने एसी, कूलर दुरुस्त करवाना शुरू कर दिए हैं। पंखे तो फरवरी के अंत से ही लोग चला रहे हैं। इस माह के अंत तक दिन का तापमान 38 डिग्री के पार कर सकता है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## 3 घंटे सड़क किनारे पड़ा रहा युवक, डॉक्टर बोले- इलाज में देरी के कारण गई जान



**शिवपुरी ब्यूरो।** करबला क्षेत्र से गुजर रहे बाइक सवार एक 30 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक सड़क किनारे बेहोश हो गया और इलाज में देरी के चलते उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद युवक श्रीराम कॉलोनी निवासी मनीष कुशवाह करीब तीन घंटे तक सड़क किनारे बेहोश पड़ा रहा। रात करीब साढ़े आठ बजे परिजन उन्हें खोजते हुए दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। परिजन पहले उन्हें जिला अस्पताल ले गए। वहां से रात साढ़े ग्यारह बजे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डॉक्टर ने कहा कि समय पर इलाज मिलता तो युवक की जान बचाई जा सकती थी। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मनीष ने दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

**दो बाइकों की भिड़न्त, एक की मौत, तीन गंभीर घायल**

बैराड़ थाना क्षेत्र की पचीपुरा रोड पर शनिवार रात करीब 9 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे में नदोरा निवासी संजय सैन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार शिवराज, कल्लो और सीताराम गंभीर रूप से घायल हो गए। संजय सैन अपने घर से बैराड़ की ओर जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

# परिवहन विभाग की बिना कर चुकाये संचालित वाहनों की विरूद्ध ताबडतोड कार्यवाही


## 139 वाहन किये सीज, वसूला 38 लाख का राजस्व

**धौलपुर ब्यूरो।** भार वाहनो के स्वामियो को वार्षिक टैक्स जमा कराने के लिए 15 मार्च तक का समय था। अभी तक कार्यालय में 20 हजार वाहनों मे से 7582 वाहनों के वाहन स्वामियो ने कर जमा किया है। राजस्व लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति के लिये 15 मार्च के बाद परिवहन विभाग ने बिना कर जमा कराये वाहनों के विरुद्व सघन जांच प्रारम्भ कर दी है जिसके अंतर्गत शनिवार को 139 वाहनों के चालान बनाकर उनको सीज किया जाकर उनसे कर एवं प्रषमन राषि की 38 लाख रूपये का अर्जन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि 15 मार्च तक टैक्स जमा नही कराने वाले वाहनो पर षिंकजा कसा जा चुका है तथा ऐसे वाहनो के विरुद्व सघन चैकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जा रही है समस्त बकाया भार वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि सघन चैकिंग अभियान के अन्तर्गत प्रवर्तन कार्यवाही एवं अपने वाहन की जप्ती से बचने के लिये वह अपने वाहनों का कर आज ही आवष्यक रुप से जमा करावायें अन्यथा बकाया कर वाले वाहनों के खिलाफ 10500 प्रषमन राषि वसूली जाएगी जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगें ।

# चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 17 मार्च तक

**शिवपुरी ब्यूरो।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन किए जा रहे हैं। अब किसान भाई 17 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की तिथि बढ़ा दी गई थी। जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वह समर्थन मूल्य पर चना मसूर सरसों फसल उपार्जन के लिए अपना पंजीयन करा लें। उल्लेखनीय है कि किसानों की सुविधा हेतु किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। अब किसान स्वयं के मोबाइल से घर पर बैठकर पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केंद्रों में लाइन लगाकर पंजीयन की झंझट से मुक्ति मिलेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था के लिए किसान ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, निर्धारित सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर तथा एम.पी.किसान एप जाकर पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था की गई है। किसानों को सशुल्क के साथ पंजीयन व्यवस्था के लिए एमपी ऑनलाइन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क पर, लोक सेवा केन्द्र पर एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे से किया जा सकता है।

# बालाजी मंदिर के महंत का निधन



**मुरैना,कांस।** बालाजी धाम जिगनी मंदिर के महंत श्री श्याम बिहारी महाराज जी का निधन शनिवार को दोपहर जिगनी निवास पर हो चुका है उनके निधन की खबर मिलते ही जिगनी गांव के सैकड़ो लोग का आना-जाना शुरू हो गया उनके सैकड़ो से मुरैना अंबा ग्वालियर पोरसा के शिष्य है उनका जीगनी मंदिर पर आना शुरू हो गया उनकी अंतिम दर्शन करने के लिए जीगनी गांव पहुंच रहे हैं।

# बाइक की टक्कर से राहगीर की मौत

**मुरैना,कांस।** नगरा थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मानदाता का पुरा में निवास करने वाले अंगद सिंह पुत्र गंगासिंह तोमर उम्र 25 साल निवाजीपुरा हनुमान मंदिर के पास जा रहा था कि उसी समय मोटर सायकल क्रमांक एमपी06 जेडए 4811 के चालक ने बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी श्यामसिंह पुत्र किशनसिंह की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# शौच के लिए खेत में गई महिला के साथ छेडछाड

**मुरैना,कांस।** बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम धन्नू का पुरा में निवास करने वाली महिला रजनी पुत्री केदार सिंह कुशवाह उम्र 24 साल अपने खेत के पास शौच करने गई थी कि उसी समय उसे अकेली पाकर आरोपी मानिक पुत्र बाबूलाल कुशवाह ने महिला को पकड कर उसके साथ अश्लील हरकत कर छेडछाड कर दी। जब महिला चिल्लाई तो आरोपी भाग गया। थाना पुलिस ने पीडित महिला की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74,315(3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# होली पर्व पर आत्मा को रंगों इंद्रधनुषीय : राम बल्लभा शरण जी

## गोविंद दास को मिला निशुल्क दांतों का सेट, 17 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, बड़ी संख्या में वितरित हुए वस्त्र, साड़ी सूट एवं चश्मे, 246 मरीज और 20 सेवक हुए उपस्थित



**मुरैना,कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 246 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 79 स्व॰ जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 71, नाक कान गला 46, सर्जरी 38, अस्थि रोग 44, नैत्र रोग 21, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट1, ब्लड प्रेसर की जाँच 45, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 28, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 14, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 31, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया51, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज23, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 16।एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ बी.एल. राजपूत, डॉ मुकुल सिंघल, डॉ दीपक बंसल, प्रदीप शर्मा, कस्तुरी, ममता, बबीता, सरिता, गुड्डी, मीरा, रामकली, मनीराम, होतम, श्याम, घिर, दीपू तोमर, गौरव, मयूर अग्रवाल, महावीर, पवन शर्मा आदि ने निऻशुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ न्यास में राम बल्लभा शरण जी महाराज पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर हृदय से प्रसन्नत प्रकार करते हुए कहा कि आप सभी को पवित्र होली महोत्सव की बधाई एवं भविष्य हेतु शुभकामनाएं। यह पवित्र त्योहार शरीर को विभिन्न रंगों से रंगने का नहीं हे जो आज सामान्यतः हो रहा हे यह त्योहार हमारी पवित्र आत्मा जो ईश्वर का ही अंश हे जो हमारी इंद्रियों एवं मन ने विषयों के साथ मिलकर उसे सुषुप्तावस्था में छोड़ दिया हे उसे जागृत कर उसे इंद्रधनुषीय रंगों से रंगने का हे जब इंद्रियों व मन समस्त विषयों के साथ हवा में न उड़कर अंतर्मुखी होकर आत्मा के नियंत्रण में पवित्र कार्य करें÷जो लोग इस जगत् के लिये उपयोगी होते हैं, वे किसी दूसरे जगत् की शोभा बनते हैं. जब तक तुम इस धरा की मुक्त हवा का श्वास ले रहे हो तब तक बदले में कृतज्ञतापूर्वक सेवा देना तुम्हारा कर्त्तव्य है। केवल जो समाधि की श्वासरहित अवस्था में प्रतिष्ठित हो गया हो, वही जगत् के कर्त्तव्यों से मुक्त है। तब तुम उस अंतिम पूर्णता की अवस्था में पहुंच जाओगे। जिन्होंने शरीर-विज्ञान का अध्ययन किया है उन्हें और आगे जाकर आत्म-विज्ञान का अनुसन्धान करना चाहिये। शरीर की यन्त्रावली के पीछे एक सूक्ष्म आध्यात्मिक संरचना छिपी हई है। डॉक्टरों को भौतिक पदार्थों के लिये निर्धारित ईश्वरीय नियमों के अनुसार अपना चिकित्सा-कार्य करना चाहिये।÷ पर मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा रोग निवारण की पद्धति श्रेष्ठ हे ÷जैसा परमार्थ न्यास में हो रहा हे। ÷शरीर एक कपटी मित्र है। उसे उतना ही दो जितना जरूरी है; उससे अधिक नहीं। सुख-दुःख अल्पकालिक होते हैं; जगत् के सभी द्वन्द्वों को देहशुद्धि की आदर्श प्राकृतिक प्रणाली के रूप में उपवास की उपयोगिता सर्वोत्तम हे हनुमानजी परमार्थ न्यास के प्रभु की दीन स्वरूप की सेवा के प्रथम सेवक हे उनके पास मां जानकी का दिया राम रसायन एवं अष्ट सिद्धि एवं नव निधि हे। यहां न्यास में कोई रोग टिक नहीं सकता तथा सभी की मनोकामना पूरी हो रही हैं आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं हृदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूं एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

**जरूरमंदो के लिए एक पहेल –** हमारा परमार्थ न्यास एम एस रोड पर भोज भवन के सामने स्थित है हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है। अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी। सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से 9827090180 पर संपर्क कर किया जा सकता है।

# अधिवक्ता अज़हर उद्दीन क़ाज़ी की प्रभावी पैरवी से अभियुक्तों को मिली दोषमुक्ति



**शिवपुरी ब्यूरो।** कोलारस न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 1074/2022 आरसीटी में न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354, 294, 452 एवं 506(बी) के तहत दर्ज मामले में अभियुक्तों को दोषमुक्त कर दिया। इस प्रकरण में अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता अज़हर उद्दीन क़ाज़ी ने प्रभावी रूप से पैरवी की। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयानों एवं कानूनी तथ्यों का गहन विश्लेषण किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद यह पाया गया कि आरोपों की पुष्टि के लिए पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। इसके आधार पर न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषमुक्त करने का निर्णय सुनाया। न्यायालय के इस फैसले को निष्पक्ष न्याय प्रणाली की महत्वपूर्ण मिसाल माना जा रहा है। फैसले के बाद संबंधित पक्षों ने संतोष व्यक्त किया और इसे न्याय की जीत बताया।

# करैरा पुलिस ने नाबालिग बालिका को 24 घंटे में किया दस्तयाब, परिजनों के किया सुपुर्द

**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को 24 घंटे के भीतर ही दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। बता दें कि 15 मार्च को फरियादी ने अपनी नाबालिग लड़की उम्र 17 वर्ष 5 माह के घर से बिना बताये चले जाने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अमन सिह राठौर द्वारा बालक, बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी अभियान के जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के पालन में अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी करैरा शिवनारायण मुकाती के कुशल मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान अविलम्ब कार्यवाही करते हुए अपहृता नाबालिग बालिका की तलाश गम्भीरता से की गई एव बालिका को 24 घण्टे के भीतर दस्तयाव कर उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी0 विनोद छावई, उनि रामानंद पचौरी, प्रआर प्रभावाती लोधी, आर. विकास, नरेन्द्र, मआर नीलम परिहार, मआर काजल, मआर देवकी की अहम भूमिका रही।

# भाईदूज परसर्किल जेल में बंद कैदी भाइयों को तिलक करने पहुंची बहनें, लंबी उम्र की कामना की

**शिवपुरी ब्यूरो।** रविवार को भाई दूज के अवसर पर सर्किल जेल में खुली मुलाकात करवाई गई। इस अवसर पर बंदी भाइयों को टीका करने के लिए बड़ी संख्या बहनें पहुंचीं। भाइयों को भाईदूज पर टीका करने के लिए बहनों की लंबी-लंबी कतारें जेल के बाहर लगी रहीं। बहिनों ने जेल पहुंचकर भाइयों को तिलक लगाकर पूजा की एवं उनकी लम्बी उम्र की कामना की। शिवपुरी सर्किल जेल में रविवार को अपराधिक प्रकरणों में बंद कैदी भाईयों से मिलने उनकी बहिनें पहुंचीं। यहां सर्किल जेल के बंदियों को बहनों ने भाई दूज का टीका किया। इस दौरान बहनें अपने भाइयों से मिलकर भावुक हो गईं। कई बहनों के आंखों से आंसू छलक पड़े। इस दौरान बहनों ने भाइयों को तिलक कर रक्षा का वचन लिया। भाई दूज के दिन जेल प्रशासन ने महिलाओं को प्रवेश देने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। चेकिंग के बाद सभी को अंदर जाने दिया जा रहा है। खाने के पैक्ड सामान और नारियल को ही ले जाने की अनुमति दी गई थी। भाई दूज के पर्व पर बहनें भी भाइयों से मिलकर काफी खुश हैं।

# पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना : समयावधि में छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर अपने छात्रवृत्ति आवेदन करें

**शिवपुरी ब्यूरो।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत एम.पी.टास पोर्टल एवं एन.आई.सी. छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर शैक्षणिक सत्र वर्ष 2023-24 में आवेदन प्रक्रिया के लिए पोर्टल को पुन॰ खोला गया है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत छात्रवृत्ति आवेदन करने हेतु सत्र 2023-24 में एमपीटास पोर्टल एवं एन.आई.सी. छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 को 05 मार्च से पुन॰ खोला गया है। ऐसे नवीन एवं नवीनीकरण विद्यार्थी जो किन्हीं कारणों से सत्र 2023-24 में छात्रवृत्ति आवेदन करने से वंचित रह गये थे। ऐसे सभी पात्र विद्यार्थी अपने छात्रवृत्ति आवेदन समय-सीमा में करना सुनिश्चित करे।

# होली के अवसर पर नाल उठाकर प्रतियोगिता आयोजित



**झुण्डपुरा।** नगर झुण्डपुरा तथा बरेण्ड पंचायत में पहलवानों ने नाल उठाकर अपनी प्राचीन भारतीय परम्परा का प्रदर्शन किया।जिसमें कस्बे के युवाओं ने अपना दमखम दिखाया। प्राप्त जानकारी अनुसार कस्बे के पसार मौहल्ला में नाल उठाओ प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें पत्थर की नाल को युवा पहलवान द्वारा एक हाथ से उठाना होता है तथा नाल उठाने के बाद उसका बैलेंस बनाना होता है इस प्रतियोगिता की तैयारी युवा पहलवान पूरी साल करते हैं जिससे होली महोत्सव में पड़वा के दिन अपना दमखम दिखाया जा सके कार्यक्रम में आसपास के गांवों के पहलवान सम्मिलित होते हैं। साथ ही नाल उठाओ प्रतियोगिता देखने कस्बे के लोग ही नहीं अन्य गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कस्बे में हुई प्रतियोगिता में 50 से अधिक युवाओं ने अपना दमखम दिखाया जिसमें प्रथम स्थान पर धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने 103 किलो की तथा द्वितीय भूरा रावत ने 85 किलो तथा तृतीय स्थान पर चित्रांश चिन्नू बुधौलिया ने 65 किलो ग्राम की नाल उठाई। इस अवसर पर सोवरन शर्मा, दीनदयाल रावत, नवल शर्मा योगेश मरैया द्वारिका रावत,बदन सिंह भेरोलाल पहलवान कल्ला पहलवान रामप्रकाश शर्मा हेमंत सिकरवार सिंह चंदू शर्मा लवकुश शर्मा अंकित शर्मा,टोनू शर्मा,अमृतलाल कुशवाहा, सब्बीर खान, राजपाल भगत, प्रताप रावत,मोनू मरैया ,रामवीर सिंह चन्द्र किशोर कैलाशी शर्मा शैलेन्द्र सिंह सिकरवार जीतेंद्र मरैया अनंत जोशी वेदप्रकाश सिकरवार सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिन्होंने युवा पहलवानों को सम्मानित किया। वहीं बरेण्ड ग्राम पंचायत में गुर्जा गांव में नाल उठाओ प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें ललुआ पहलवान ने 101किलो की नाल उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं राहुल पहलवान ने 90 किलो की नाल उठाकर द्वितीय स्थान तथा अविनाश पहलवान ने 80 किलोग्राम की नाल उठाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को साफा बांधकर तथा नगर राशि देकर सम्मानित किया गया प्रथम स्थान प्राप्त पहलवान को 5100 राशि प्रदान की गई इस अवसर पर प्रयाग सिंह नारायण सिंह सिकरवार, सामंत सिंह सिकरवार, गजेन्द्र सिंह सिकरवार, रामपाल सिंह सिकरवार, अखेसिंह सिकरवार, ऊदल सिंह सिकरवार, ने पहलवानों को सम्मानित किया।

# मारपीट कर जातिय अपमान किया

**मुरैना,कांस।** जिले के महुआ थाना क्षेत्र के ग्राम आमलीपुरा में निवास करने वाले हेमंत जाटव पुत्र भारत सिंह आमलीपुरा नहर की पुलिया के पास था कि उसी समय पुरानी रंजिश के चलते आरोपी रामलखन उर्फ लाखन, रोहित एवं मोहित समस्त जाति तोमर निवासीगण मरजातगढ ने फरियादी को जाति सूचक गालिया देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से मामला कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# गौसेवकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बचाई गौवंश की जान



**मुरैना,कांस।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 01 मुड़िया खेड़ा में बायपास के पास एक गौवंश के दोनों सिंग उसी के गालों में घुस रहे थे जिससे गौवंश के काफी घाव हो गया था जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने गौ रक्षा दल के प्रदेश महामंत्री गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह को दी सूचना मिलते ही गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह अपने साथी कुँवर अजीत सिंह व रेस्क्यू का सामान लेकर मौके पर पहुंचे जहां उस गौवंश को स्थानीय लोगों की सहायता से करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत करके पकड़ा और फनर व बाइक के रेस के तार से सभी ने बारी बारी से कड़ी मशक्कत करके उसके सींगों को काटा फिर उसके घाव को साफ करके उसकी मलहम पट्टी की और उसे वहीं छोड़ दिया सेवा करने वालों में गौसेवक सोनू तोमर,अंकित पचौरी, मोहित पचौरी,कुलदीप,भोला पंडित,संजय, रामनिवास शर्मा, देव पचौरी, अजीत सिंह परिहार, राहुल आदि।

# 400 वर्षों से अनोखी होली की परंपरा को जीवंत रखा है शेखपुर वासियों ने

## धुलेडी के दिन सोलह श्रृंगार कर बहन बेटियां ग्राम की खुशहाली के लिए करती हे ग्राम की परिक्रमा, नाल उठाने दूर दराज के पहलवान आते हे



महंत रामलखन दास जी



टीकाराम शर्मा



सुबोध त्यागी ग्राम के दामाद



ग्राम की बेटी सोनाली त्यागी



ग्राम की बेटी तनुज शर्मा

राधाकृष्ण सिंघल/सोनू पाराशर

**कैलारस।** तहसील के गांव शेखपुर में सामाजिक सद्भाव जीवंत रहे सांस्कृतिक व स्वास्थ्यवर्धक प्रेरणा देने और एकजुट की भावना को बनाये रखने के अनोखी होली की 400 साल पुरानी पुरानी परपंरा को आज भी जीवंत रखा जा रहा है । होलिका दहन से लेकर धूलंडी के दूसरे दिवस तक चार बार गांव के घर-घर पर महिला पुरुषों द्वारा दस्तक दिए जाने से वर्ष भर के आपसी मनभेद भी मिटा दिए जाते हैं।इस सामूहिक मेल मिलाप से सामाजिक सोहाद्र बरकरार रखने का कार्य किया जा रहा है । गांव के बुजुर्ग पुरुष एवं महिला इसे स्थानीय संत महाराज विजयानंद जी की धार्मिक मान्यता व प्रथा को पूर्ण करना बताते हैं। शारीरिक सौष्ठव का संदेश नई पीढ़ी को देने के लिए गांव में आयोजित नाल उठाने की प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राजस्थान व उत्तरप्रदेश के पहलवान भी शामिल होते हैं। वहीं धुलेंडी की दोपहर में प्रभात फेरी के लिए सजधज कर निकली महिलाएं इसे सुख शांति वैभव का संदेश देना भी बताती है। जिला मुरैना की कैलारस तहसील के शेखपुर गांव में 400 वर्षो से होली का पर्व अनोखी परपंरा के साथ मनाया जाता है । होलिका दहन के पश्चात ही पुरुष व महिलाएं गांव में घर घर फेरी लगाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। धुलेंडी के दिन सुबह गांव के पुरूष प्रभातफेरी निकालकर घर घर में मेलमिलाप करते हैं । वहीं शाम को गांव की एक एक महिला सुसज्जित होकर घर घर जाती है । महिलाएं से एकजुट तथा सुख शांति समृद्धि का संदेश देना मानती है। इस दौरान जिस घर में नई शादी होकर बहू आती है उस बहू व्दारा किये गये नृत्य में अन्य नवेली वहु भी शामिल होती है। यह उत्साह उमंग के साथ उन्हीं के दरवाजे पर होता है। धुलेंडी के दूसरे दिवस भी महिलाएं एक बार फिर घर-घर जाकर एक दूसरे से मिलती हैं ।यह भी प्रभात फेरी के रूप में ही होता है।इससे वर्ष भर का अवसाद तो मिटता ही है वहीं सामाजिक सोहाद्र बढ जाता है।इस परपंरा को गांव के ही संत बाबा विजयानंद का आशीर्वाद मानकर करते आ रहें हैं ।पुरूषों व्दारा होली के फाग का भी प्रतियोगिता जैसा गायन होता है । इसे सांस्कृतिक विरासत के तहत ग्रामीणजन सहेजना बताते हैं। इसमें रामायण, महाभारत एवं हमारे धार्मिक ग्रंथो के आधार पर ग्रामीणजन गीत की रचनाकर देशी वाद्य व संगीत के साथ गायन करते हैं। इससे नई पीढ़ी धर्म एवं विरासत से परिपूर्ण होती है ऐसा ग्रामीण जन का मानना है।वहीं इस प्रथा को संत विजयानंद का आशीर्वाद मानते हुए समस्त गांववासी अपनी बहन बेटियों व मान्य धान्य को उत्साह के साथ आमंत्रित करते हैं। इस आमंत्रण पर सभी रिश्तेदार आते भी हैं। इससे नई पीढ़ी को अपने सभी रिश्तेदारों, परिजनों की जानकारी व भेंट करने का अवसर मिलता है। होली के इस रंग भरे त्यौहार को दीपावली से अधिक बड़े उत्सव में बदलना यहां की बरसों पुरानी परंपरा है ।जिसका निर्वहन आज नई पीढ़ी भी करती आ रही है। इस प्रथा के विरुद्ध जाना संत विजयानंद का अपमान माना जाता हैं। गांव की नई पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए एक बृहद संदेश देने का काम इस उत्सव में किया जा रहा है। गांव में संत विजयानंद मंदिर परिसर में नाल उठाने की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जिसमें अंचल के साथ-साथ उत्तर प्रदेश व राजस्थान के भी पहलवान शामिल होकर नाल उठाकर गौरवान्वित होते हैं। इन पहलवानों का उत्साहवर्धन करने के लिए गांववासी एवं अंचल से आए दर्शक नगद राशि का पुरस्कार प्रदान करते हैं। इस वर्ष 51 रुपए से लेकर 11000 तक के पुरस्कार नाल उठाने वाले पहलवानों को प्रदान किए जाते हैं। गांव के बुजुर्ग टीकाराम शर्मा ने बताया कि इस प्रथा को संत विजयानंद का आशीर्वाद मानते हुए समस्त गांववासी अपनी बहन बेटियों व मान्य धान्य को उत्साह के साथ आमंत्रित करते हैं। इससे नई पीढ़ी को अपने सभी रिश्तेदारों, परिजनों की जानकारी व भेंट करने का अवसर मिलता है। होली के इस रंग भरे त्यौहार को दीपावली से अधिक बड़े उत्सव में बदलना यहां की बरसों पुरानी परंपरा है। जिसका निर्वहन आज नई पीढ़ी भी करती आ रही है। इस प्रथा के विरुद्ध जाना



संत विजयानंद का अपमान माना जाता हैं। ग्राम के दामाद सुबोध त्यागी ने बताया कि इस गांव में सदियों से ओलों की बारिश नहीं हुई है। यह बाबा महाराज विजयानंद की एक किंवदंती है। जिसमें वह जब गंगा स्नान के दौरान हरिद्वार में हर की पोड़ी से ही गांव में गिरने वाले ओले एक ही खेत में समेट दिये थे। गांव की बेटी श्रीमती तनुज शर्मा उसने इस परंपरा से सभी में भाई चारा रहता हे गांव में शांति का वातावरण बना रहता हे वहीं गांव की बेटी सोनाली त्यागी जो अपनी ससुराल रूनीपुर से आई ने बताया कि इस प्रथा का निर्वहन किये जाने से गांव पर कोई संकट नहीं आता है और सुख समृद्धि निरंतर होती रहती है। इस परंपरा व प्रथम चलते गांव की नई पीढ़ी को लोक संस्कृति बनाये रखने के साथ शारीरिक स्वास्थ्य स्वस्थ रखने एवं सामाजिक भेदभाव मिटाने के निरंतर संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। महंत रामलखन दास जी महाराज ने बताया कि बाबा विजयानंद जी कृपा से ग्राम की खुशहाली के लिए यह परम्परा 400 वर्षों से चली आ रही हे जिसका निर्वहन ग्राम के लोग कर रहे हे, हम नई पीढ़ी को भी भाई चारे से रहने का संदेश देते हे गांव की नई पीढ़ी को बेहतर स्वस्थ रखने के लिए एक बृहद संदेश देने का काम इस उत्सव में किया जा रहा है। गांव में संत विजयानंद मंदिर परिसर में नाल उठाने की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है , जिसमें अंचल के साथ-साथ उत्तर प्रदेश राजस्थान के भी पहलवान नाल उठाकरगौरवान्वित होते हैं। इन पहलवानों काउत्साहवर्धन करने के लिए गांववासी एवं अंचल से आए दर्शक नगद राशि का पुरस्कार प्रदान करते हैं। इस वर्ष भी 51 रुपए से लेकर 11000 तक के पुरस्कार नाल उठाने वाले पहलवानों को प्रदान किए गए। इस बार शेखपुर में नाल उठाने ग्वालियर अंबाह , शिवपुरी , मुरैना , आगरा के पहलवानों ने भाग लिया यहां पर 82 किलो की नाल से लेकर 125 किलो तक की नाल उठाने रखी गई जिसमें सतेंद्र गुर्जर गांव सीहोर जिला शिवपुरी ने 123 5 की नाल उठाकर रुपए 11000 की राशि इनाम स्वरूप प्राप्त की वही इस प्रतियोगिता में एक 18 वर्षीय युवा कमपोतर बघेल द्वारा भी 82 किलो की नाल उठाकर पुरस्कार जीता तो अन्य पहलवानों में हरिश्चंद्र यादव , आकाश तोमर, ने 115 किलो की नाल उठाई जिन्हें महंत रामलखन दास जी द्वारा 7100, 7100 के पुरस्कार प्रदान किए गए वहीं सीहोर शिवपुरी से नाल उठाने पहुंचे पहलवान सतेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि दूरदराज से आए पहलवानों को अपनी कला और क्षमता का प्रदर्शन करने का एक अवसर मिलता है ।वहीं दर्शकों के प्रोत्साहन से वह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं । पहलवान ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों को आज की महती आवश्यकता बताया।

# विजयपुर नगरपरिषद सीएमओ के खिलाफ ब्राह्मण समाज हुआ लामबंद

## अतरसिंह रावत पर हुई एफआईआर



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** विजयपुर नगर परिषद सीएमओ अतरसिंह रावत द्वारा मोबाइल फोन पर उपाध्यक्ष नगर परिषद विजयपुर सुभाष शर्मा के साथ जातिसूचक गाली गलौज करने एवं उनका जुलूस निकालने जैसी धमकी देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर उनके इस कृत्य के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने लामबंद होकर विजयपुर शहर में जुलूस निकाला जिसमें अतरसिंह रावत मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।समुदाय का यह जुलूस पुलिस थाना विजयपुर पहुंचा और नगरपरिषद सीएमओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।उल्लेखनीय है कि ब्राह्मण समाज द्वारा सर्वप्रथम परशुराम मंदिर बस स्टैंड पहुंचकर होली मिलन समारोह मनाया गया।

साथ ही नगर परिषद सीएमओ द्वारा ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा से अभद्र भाषा में गाली गलौज और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने को लेकर ब्राह्मण समाज ने लामबंद होकर उक्त कार्यवाही की। विजयपुर थाना पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए नगर परिषद सीएमओ अतर सिंह रावत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# होली के अवसर पर फाग महोत्सव मनाया गया

**झुण्डपुरा।** नगर मे होली का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें फाग महोत्सव गायन भजन कीर्तन कर मनाया गया।जिसमें स्थानीय लोगों ने रंगों के त्यौहार को प्राकृतिक रंगों से मनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।स्थानीय युवाओं ने रंगों के त्यौहार को प्राकृतिक रंगों से मनाने का निर्णय लिया इनसे प्रेरित होकर सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए होली में प्राकृतिक रंगों का ही उपयोग किया। नगरपालिका अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा पूर्व अध्यक्ष पूर्व उपाध्यक्ष ने प्राकृतिक रंगों से होली खेली और लोगों को भी प्रेरित किया।नगर मे होली महोत्सव में फाग गायन प्रतियोगिता सदर बाजार मे आयोजित की गई जिसमे स्थानीय कलाकारों ने मधुर संगीत में अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।। होली महोत्सव में लोगों एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी एवं गीत संगीत पर खूब थिरकते नजर आए।फाग महोत्सव में गोपालजी भक्त मंडल को विजेता घोषित किया गया ।जिसमें अंकुश गुप्ता, हरिओम जिदल कमलेश व्यास,सतीश सोनी, वकील परमार, राजपाल रावत, योगेश मरैया जीतेंद्र मरैया सोनेराम रावत, हरिओम जिदल विजय नामदेव दीपक शर्मा दाताराम रजक कलाकारों को रामजीलाल मुरारीलाल जगदीश जिंदल हरिचरन शर्मा ने कलाकारों को सम्मानित किया।



# आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक का सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**बीरपुर।** महिला बाल विकास सुपरवाइजर श्रीमती देव कुमारी शाक्य को सेवानिवृत्त होने पर युवा संगठन द्वारा शॉल श्रीफ़ल देकर उनका सम्मान किया गया व उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रीमती शाक्य का कार्यकाल अधिकतर विजयपुर तहसील में ही रहा।उन्होंने अपने कार्यकाल में ऐसे कार्य किये जो एक मिसाल है।उनका बच्चों से बहुत लगाव था,आंगनबाड़ी के बच्चों को अपने हाथों से भोजन खिलाना, उनको नए कपड़े दिलाना,महिलाओं को हर वर्ष कुछ ना कुछ भेंट स्वरूप उपहार देना, महिलाओं को पढ़ाई के लिए जागरूक करना उनकी कार्यशैली बन गई थी,इसी वजह से वह लोकप्रिय थीं। श्रीमती शाक्य के निवास पर उनका फूल माला पहनकर स्वागत किया।इस मौके पर मुकेश गुर्जर ललित गर्ग युवा संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।



# डोंगरपुर में सेकडो वर्षो से चली आ रही हे परम्परा

## होली के दिन ग्राम के दामादों को दूल्हा दुल्हन बनाकर निकालते हे बारात की निकासी, पूरे ग्राम के लोग करते हे मंगल तिलक



दर्शन लाल धाकड़ सरपंच



प्रकाश धाकड़ डोंगरपुर



प्रदीप शर्मा डोंगरपुर

राधाकृष्ण सिंघल/सोनू पाराशर

**कैलारस।** की ग्राम पंचायत डोंगरपुर मानगढ़ के ग्राम डोंगरपुर में ग्राम की खुशहाली भाई चारे , सामाजिक समरसता को कायम रखने के लिए सेकडो वर्षो से होली के दिन अनोखी परम्परा चली आ रही हे जिसका निर्वहन आज भी जारी हे इस दिन ग्राम के मान्य धान्य जैसे जीजा फूफा ,दामादों को इस दिन दूल्हा दुल्हन बनाकर विधिवत ग्राम में बैंड बाजों के साथ बारात निकासी निकाली जाती हे और प्रत्येक द्वार घर पर उनका नारियल देकर मंगल तिलक किया जाता हे और हंसी मजाक की जाती हे ग्राम के लोगो का कहना हे कि यह सेकडो वर्षो से यह परम्परा चली आ रही हे इसमें जो दूल्हा दुल्हन बनते हे उनका प्रत्येक समाज वर्ग के लोग अपने दरवाजे पर स्वागत मंगल तिलक करते हे जो कि सामाजिक समरसता की मिशाल हे इससे भाई चारा बना रहता हे ग्राम में खुशहाली बनी रहती हे इसलिए इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा हे इस बार होली पर ग्राम डोंगरपुर में ग्राम के दामाद जगदीश धाकड़ एवं गयालाल धाकड़ को दूल्हा दुल्हन बनाया गया और पूरी बारात स्त्रड्डश्वद्य बाजों के साथ सेकडो बाराती नाचते गाते झूमते चल रहे थे ग्राम में निकाली बारातियों को पुष्पहार पहनाकर ग्राम के सरपंच दर्शनलाल धाकड़ ने स्वागत किया एवं सभी को



स्वल्पाहार कराया सरपंच दर्शनलाल धाकड़ का कहना हे कि यह परम्परा सेकडो वर्षो से चली आ रही हे जिसका हम निर्वहन करते हे जो मान्य धान्य दूल्हा दुल्हन बनते हे और उन पर जो भी मंगल तिलक में पैसा आता हे वह भी उस पैसे को निकासी के बाद मंदिर पर सभी ग्राम वासियों में लड्डू मंगवाकर प्रसाद के तौर पर बांटते हे इससे हमारे ग्राम में भाई चारा मजबूत होता हे ग्राम के प्रदीप शर्मा कहते हे कि मैने तो जन्म से इस परंपरा को देखा हे इस परंपरा से आपसी मतभेद दूर होते हे वही सभी लोग मिलजुलकर रहते हे डोंगरपुर के प्रकाश धाकड़ का कहना हे कि हमारे पूर्वजों ने यह परम्परा इसलिए बनाई कि होली के त्यौहार पर सभी गिले शिकवे दूर हो जाए और सभी समाजों में भाई चारा रहे बहुत ही अच्छी परम्परा हे जिसका हम आज भी निर्वहन कर रहे हे।

# विशाल नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर 23 मार्च को




**मुरैना,कांस।** विगत दिवस अग्रवाल महासभा की एक बृहद बैठक का आयोजन अग्रवाल सेवासदन टी आर पुरम पर किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विशाल निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। अग्रवाल महासभा के मुख्य संरक्षक श्री रमेश गर्ग के नेतृत्व में अग्रवाल महासभा मुरैना द्वारा स्व.श्रीमती उर्मिलादेवी पत्नी स्व. श्री रामबाबू बंसल (बूरे वाले) की पावन स्मृति में विशाल निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 23 मार्च 2025 रविवार को द्रोपदीदेवी पब्लिक स्कूल फाटक बाहर रेल्वे अंडर ब्रिज के बगल से पर सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा। इस शिविर में डॉ. जतिन गर्ग नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. नवीन गर्ग दन्त एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ, डॉ. नितिन मित्तल नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. पुष्पक गोयल सांस फेफडा रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंशु अग्रवाल महिला रोग विशेषज्ञ, एवं डॉ. उमेश शर्मा फिजीशियन अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे। मरीज अपने पंजीयन गर्ग स्टूडियो जिवाजीगंज, अग्रसेन चिकित्सालय ओव्हर ब्रिज रोड, द्रोपदीदेवी पब्लिक स्कूल रेल्वे अंडर ब्रिज के बगल से फाटक बाहर , निःशुल्क शिक्षा प्रसार केन्द्र सिंघल बस्ती मुरैना, महालक्ष्मी पूजा पाठ जीवाजीगंज , नवज्योति नेत्रालय नैनागढ रोड मुरैना पर करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जयप्रकाश गुप्ता मो. नं. 7000979972 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पूर्व सिंचाई अध्यक्ष की माता जी का निधन

**मुरैना,कांस।** पूर्व सिंचाई अध्यक्ष दर्शनसिंह यादव निवासी ठा. जहारसिंह का पुरा मौजा कीरतपुर की माता जी स्व. श्री कपूरीदेवी यादव का निधन गत दिवस 11 मार्च 2025 को निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र दर्शनसिंह,राधेश्याम, राजबहादुर, नाती धर्मेन्द्र,भूपेन्द्र, नीकेश, मनोजसिंह, सुनील सिंह, मयंक, पंती निशांत, अंशुमन, जयदीपसिंह एवं मानस सहित भरपूरा परिवार छोड गई है। उनके निधन पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने बडी संख्या में लोंग उनके निवास पर पहुँच रहे है।



# माथुर सभा का होली मिलन समारोह संपन्न

**भोपाल.माथुर सभा भोपाल का होली मिलन समारोह शनिवार शाम दुष्यंत सभागार में आयोजित किया गया**




**भोपाल।** समारोह में समाज के लोगो ने गीत संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये.श्रावणी और रचना माथुर ने नृत्य किये.मनोज, रवि, बीना, भारत भूषण,शिवमोहन, डा सोमेश आदि ने मनमोहक गीत पेश किये.समारोह में राधा कृष्ण के स्वरूप द्वारा होली गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये.समाज के लोगो ने उन पर फूलो की वर्षा की और साथ में डांस भी किये.इस अवसर पर छोटे बच्चो युवान,वाणी.वेदिक ने नृत्य प्रस्तुति दी. भगवान चित्रगुप्त जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत हुई.महिलाओं ने चित्रगुप्त जी की आरती गायी.कार्यक्रम में पूर्व आई ए एस अधिकारी पीपी माथुर सभा के अध्यक्ष अनिल माथुर पूर्व जनसम्पर्क संचालक, सचिव शिवमोहन माथुर ,उपाध्यक्ष संजीव माथुर,सहकारिता मंत्री के ओएसडी अरुण माथुर सहित अनेक प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे.।

# मऊगंज दुर्घटना में प्राणोत्सर्ग करने वाले एएसआई स्व. गौतम को दिया जाएगा शहीद का दर्जा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता और पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिला मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में हुई दुर्घटना में कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले एएसआई (25वीं बटालियन) श्री रामचरण गौतम को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. गौतम के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। यह उनके बलिदान के प्रति श्रद्धा, आस्था और राज्य सरकार की परंपरा व कर्तव्य का प्रकटीकरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद



रामचरण गौतम की कर्तव्य परायणता और उनका बलिदान चिर-स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायलों के इलाज के लिए यथा योग्य व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस टीम पर हमले में एएसआई के शहीद होने पर दु:ख व्यक्त किया

#### मऊगंज के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मऊगंज जिले में शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में दो गुटों के आपसी विवाद की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम पर हमले में पुलिस के एएसआई के शहीद होने पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार की शोक संवेदनाएं शोककुल परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डीजी पुलिस को मौके पर पहुंचकर पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमानवीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना के सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। घटना में घायल अन्य पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए रीवा चिकित्सालय भेजा गया है।

# कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी ने विधानसभा अध्यक्ष के साथ खेली होली

**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ म.प्र.के जिला एवं सभ्भांगीय अध्यक्ष रामनरेश दंडोतिया एवं हरेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में संगठन के अनेक पदाधिकारीयों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं उनके सुपुत्र हॉकी इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामू भैया के साथ होली उनके निवास पर जाकर मनाई गई एवं सभी कर्मचारियों ने अध्यक्ष एवं रामू भैया के साथ अन्य लोगों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा कर्मचारियों को आश्वासन दिया किया गया इस होली के पर्व पर हम आपसे आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव समस्या का समाधान करेंगे ऐसा विश्वास दिलाता हूं आपसे भी अपेक्षा है आप अपने कर्तव्य को मनोयोग से करें और शिक्षा एवं शिक्षण कार्य में जन-जन को जोड़ें जिससे हमारे समाज का हमारे प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके हमारे प्रदेशवासियों को भी अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलवाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। उपस्थित रहे जनक सिंह रावत,डा.राकेश शर्मा, गुड्डू खां, राममूर्ति शर्मा,मनोज शर्मा आदि नवनीत डण्डोतिया ने समस्त प्रदेशवासियों को




समृद्ध लोकसंस्कृति व पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक लोकपर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। प्रकृति संरक्षण का संदेश देने वाला यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आनंद लेकर आए।

# भाजपा का होली मिलन समारोह का आयोजन

## वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने खेली फूलों की होली, कलाकारों ने बांधा समां

**ग्वालियरनसं.।** भारतीय जनता पार्टी ने संस्कृति गार्डन में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान वृंदावन से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सभी अतिथियों ने होली के पारंपरिक रंगों में सराबोर होकर सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम और सद्भाव का पर्व है। यह आयोजन हमारी संस्कृति को सहेजने और समाज को एकजुट करने का प्रयास है।उन्होंने कहा कि होली ऐसा त्योहार है, जिसमें हर कोई शामिल होता है।

आम तौर पर लोग घरों में होली मनाते हैं, लेकिन पार्टी भी एक घर-परिवार है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि होली रंग और उमंग का त्योहार है। सभी त्योहारों को मिलजुलकर और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

यह विभिन्नता में एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर




जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि होली के अलग-अलग रंग देश की विविधता को दर्शाते हैं। आपसी मतभेद भुलाकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली पर नशा न करें और शांति से त्योहार मनाएं।

जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने फूलों की होली खेलकर वातावरण को भक्तिमय बनाया।

### संगीत, नृत्य और फूलों के संग माहौल बना उल्लासपूर्ण

समारोह में मंच के ठीक सामने वृंदावन के कलाकारों ने होली के रसिया गीतों व नृत्य से समां बांध दिया।

कलाकारों ने अपने नृत्य से माहौल को और भी जीवंत बना दिया। इस अवसर पर उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह,ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर,सांसद भारत सिंह कुशवाह,अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य,पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा,पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, पूर्व मंत्री ध्यानेन्द्र सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, पूर्व विधायक घनश्याम पीरौनिया, देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू,आईजी अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम कमिश्नर संघ प्रिय, अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक खेड़कर,सभापति मनोज तोमर, एडिशनल एसपी सुमन गुर्जर, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल अहमदाबाद में 'मेगा ब्राम्हण बिजनेस समिट-4' में हुए शामिल

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल अहमदाबाद में आयोजित ÷मेगा ब्राम्हण बिजनेस समिट-4÷ में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाज के प्रबुद्ध जनों से संवाद किया और ब्राम्हण समाज के आर्थिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक उत्थान पर अपने विचार रखे। समिट में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री श्री सी.आर. पाटिल, पूर्व राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री नितिन पटेल, राज्यसभा सांसद श्री मयंक नायक सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। तीन दिवसीय इस आयोजन में ब्राम्हण




उद्योगपतियों के 300 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां व्यवसाय और स्टार्टअप को बढ़ावा देने की दिशा में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी समाज तक पहुंचाने, नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और बी2बी/बी2सी बैठकों के माध्यम से व्यापार को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। समिट में समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को ÷ब्रह्म रत्न सम्मान÷ प्रदान किया गया। युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिससे अधिक से अधिक युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर मिल सकें। समिट में देशभर से 2 लाख से अधिक ब्राम्हण समाजजन की सहभागिता रही। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक विवाह मेलों का भी आयोजन किया गया।

# ग्वालियर में पुस्तक मेले का आयोजन 22 से 29 मार्च तक

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने अधिकारियों के साथ देखीं पुस्तक मेले की तैयारियां

**ग्वालियरनसं.।** स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की सुविधा के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर ग्वालियर में 22 मार्च से 29 मार्च तक वृहद पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में आयोजित होगा। मेले में विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सस्ती दर पर स्कूली पुस्तकें, कॉपियाँ एवं स्कूल में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में 22 मार्च से आयोजित किए जाने वाले पुस्तक मेले की तैयारियों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, एडीएम श्री टी एन सिंह, मेला सचिव श्री टी आर रावत, विभागीय अधिकारी एवं पुस्तक प्रकाशक एवं विक्रेता भी उपस्थित थे।



कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा है कि पुस्तक मेले के पंजीयन के लिये 17 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि तक जिनका पंजीयन होगा उन्हें दुकानों का आवंटन कर दिया जायेगा। उन्होंने पुस्तक मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, फूड जोन आदि की व्यवस्थायें संबंधित अधिकारियों को समय रहते करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जायेगा। पुस्तक मेले का अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को लाभ मिले, इसके लिये व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार ने कलेक्टर को पुस्तक मेले के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 22 मार्च के पूर्व पुस्तक मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जायेंगीं। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने भी कहा कि नगर निगम के माध्यम से मेला स्थल की साफ-सफाई बेहतर की जायेंगीं एवं मेले के दौरान भी किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिये निगम स्तर से सभी प्रबंधन किए जायेंगे।

# टीकाकरण, बच्चों की गंभीर बीमारियों से सुरक्षा कर बढ़ाता है उनकी इम्युनिटी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से की टीकाकरण अभियान में सहयोग की अपील

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वस्थ बचपन, सशक्त भविष्य का आधार है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) को मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेशवासियों से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर उत्तम स्वास्थ्य और स्वस्थ भारत के लिए टीकाकरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति के लिए सहभागिता करने का संकल्प लेने का आव्हान किया है।

# चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**अलीगढ़,ब्यूरो।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने बताया है कि भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, इस प्रकार की बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च 2025 तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया है। डिप्टी डीईओ पंकज कुमार ने बताया है कि संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960 चुनाव संचालन नियम, 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक जोकि ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध है, ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# रायगढ़ को विकास की राह पर लगातार आगे ले जाने के लिए काम करेंगे: वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

**रायगढ़, कासं.।** रायगढ़ जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन व शपथ ग्रहण समारोह वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में संपन्न हुआ। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने इतने व्यापक स्तर पर जो विश्वास आप सब पर जताया है उस पर एक टीम की तरह कार्य करते हुए खरा उतरने के लिए काम करना है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में सकारात्मक बदलाव और विकास कार्यों नई रफ्तार देने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सवा सालों में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनहित के कार्यों को गति प्रदान की है। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए खातों में अंतरित किए गए हैं। बीते दिनों किसानों को इस वर्ष के धान खरीदी के अंतर की राशि के 12 हजार करोड़ रूपये एकमुश्त दिए गए। इतनी बड़ी रकम किसानों को एक साथ पहली दफा दी गई है।

जिसका असर रहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। दोपहिया और ट्रैक्टर के बिकवाली में तेजी बनी रही। 70 लाख माताओं बहनों को प्रतिमाह 1 हजार की राशि महतारी वंदन योजना के माध्यम से दे रहे हैं। आवास निर्माण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए सरकार गठन के पश्चात पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान किया गया। पिछले सवा साल में आवास निर्माण के काम काफी तेजी से हो रहे हैं। राशि जारी होने के साथ आवासों के निर्माण में प्रगति आई है। कई हितग्राहियों के आवास अब बनकर तैयार भी हो चुके हैं। राम लला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को अयोध्याधाम और बनारस के दर्शन करवा रहे हैं।

# झांसी में दिल दहला देने वाली घटना, डेढ़ साल के बेटे संग मां ने दी जान

**झांसी ।** झांसी में मां ने अपने साथ डेढ़ साल के मासूम बेटे पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक, शादी के बाद से दोनों के बीच विवाद होता था। कुछ दिनों से पूजा के डेढ़ साल के लड़के की तबीयत खराब थी। इलाज कराने को लेकर भी विवाद हुआ। थाना लहचूरा के बरुआमाफ गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मां ने अपने साथ डेढ़ साल के मासूम बेटे पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। कुछ देर में घर से चीख-पुकार के साथ धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने पहुंचकर आग बुझाई। तब तक दोनों गंभीर रूप से झुलस गए थे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। विवाहिता की मौत पर मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने विवाहिता के पति समेत अन्य ससुरालजनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। लहचूरा थाने के बरुआमाफ गांव निवासी कौशल कुशवाहा खेती किसानी करता है। पांच साल पहले ही उसकी शादी मऊरानीपुर निवासी पूजा (26) से हुई थी। पुलिस के मुताबिक शादी के बाद से दोनों के बीच विवाद होता था। कुछ दिनों से पूजा के डेढ़ साल के लड़के की तबीयत खराब थी। इलाज कराने को लेकर भी विवाद हुआ।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री यादव के पिता के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार सुबह केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के गुरुग्राम, जमालपुर पहुंचकर उनके पिता श्री कदम सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्व. यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954